दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 12 जयपुर, गुरुवार, 21 दिसंबर, 2023 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष- नवमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### दो और MP सस्पेंड निलंबित सांसदों की संख्या अब हुई 143




**नई दिल्ली।** संसद में विरोध-प्रदर्शन को लेकर विपक्षी सांसदों के निलंबन का सिलसिला बुधवार को भी जारी रहा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में कदाचार के लिए दो और सांसदों को निलंबित कर दिया। अब तक शीतकालीन सत्र में दोनों सदनों से निलंबित होने वाले सांसदों की संख्या 143 हो गई। लोकसभा में तख्तियां दिखाने और सदन की अवमानना करने को लेकर दो और विपक्षी सदस्यों को संसद के वर्तमान शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। सदन की अवमानना के मामले में अब तक कुल 97 लोकसभा सदस्यों को निलंबित किया जा चुका है। इससे पहले गत सप्ताह गुरुवार को 13 सदस्यों, सोमवार को 33 तथा मंगलवार को 49 सदस्यों को निलंबित कर दिया गया था।

### मानहानि केस में गहलोत की याचिका गजेंद्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की उस अपील पर जवाब देने के लिए कहा है जो उन्होंने एक आपराधिक मानहानि शिकायत में उन्हें (गहलोत) समन किए जाने के खिलाफ दायर की है। जस्टिस स्वर्ण कांत शर्मा ने मामले को 22 जनवरी, 2024 को अगली सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। गहलोत ने शेखावत की ओर से दायर शिकायत में अपने समन के खिलाफ उनकी अपील खारिज करने के सत्र अदालत के आदेश को चुनौती दी है। सत्र अदालत ने कहा था कि अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट द्वारा जारी किए गए समन में कोई तथ्यात्मक गलती नहीं है। शेखावत ने शिकायत में आरोप लगाया है कि गहलोत ने संवाददाता सम्मेलन, मीडिया की खबरों और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उन्हें राज्य में संजीवनी घोटाले से जोड़कर सार्वजनिक रूप से बदनाम किया।

## ये भी देखें...

अनुसंधान में जयपुर की पुलिस करती है सबसे ज्यादा 'गड़बड़' पेज-2

**लोकसभा ने आपराधिक कानूनों के स्थान पर लाए गए तीनों बिलों को दी मंजूरी**

# राजद्रोह की जगह देशद्रोह, नाबालिग से रेप और मॉब लिंचिंग में फांसी

**बेधड़क | नई दिल्ली**

लोकसभा ने औपनिवेशिक काल से चले आ रहे तीन आपराधिक कानूनों के स्थान पर सरकार द्वारा लगाए गए विधेयकों को बुधवार को मंजूरी दे दी है। विधेयकों को लोकसभा में पास होने के बाद अब इसे राज्यसभा में रखा जाएगा। वहां से पास होने के बाद इसे मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। विधेयक को पेश करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि अंग्रेजों के समय का राजद्रोह कानून खत्म किया गया है। नाबालिग से रेप और मॉब लिंचिंग जैसे क्राइम में फांसी की सजा दी जाएगी। बिलों पर चर्चा के दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि तीन आपराधिक कानूनों के स्थानों पर लाए गए विधेयक गुलामी की मानसिकता को मिटाने और औपनिवेशिक कानूनों से मुक्ति दिलाने की नरेंद्र मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दिखाते हैं।

सदन ने लंबी चर्चा और गृहमंत्री शाह के विस्तृत जवाब के बाद भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) विधेयक, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) विधेयक, 2023 और भारतीय साक्ष्य (बीएस) विधेयक, 2023 को ध्वनमित से अपनी स्वीकृति दी है। ये तीनों विधेयक भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), 1860, दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी), 1898 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के स्थान पर लाए गए हैं।



### अगर मन इटली का है तो समझ में नहीं आएगा कानून

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि तीन आपराधिक कानूनों के स्थानों पर लाए गए विधेयक मानव केंद्रित न्याय प्रणाली सुनिश्चित करेंगे तथा अब लोगों को 'तारीख पे तारीख' नहीं मिलेगी। शाह ने सदन में हुई चर्चा का जवाब देते हुए यह भी कहा कि 'व्यक्ति की स्वतत्रंता, मानव के अधिकार और सबके साथ समान व्यवहार' रूपी तीन सिद्धांत के आधार पर ये प्रस्तावित कानून लाए गए हैं। विधेयकों पर चर्चा के दौरान शाह ने कांग्रेस पर जमकर तंज कसा। शाह ने कांग्रेस पार्टी के मन को 'इटली' से जोड़ दिया। किसी का नाम लिए बगैर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि अगर मन इटली का है तो ये कानून कभी समझ नहीं आएगा, लेकिन अगर मन यहां का है तो समझ आ जाएगा।

### तीनों क्रिमिनल लॉ बिल में क्या विशेष

- राजद्रोह को खत्म कर उसकी जगह पर लाया जा रहा है देशद्रोह
- **देश के खिलाफ गए तो कड़ी से कड़ी सजा**
- मॉब लिंचिंग के लिए फांसी की सजा
- भड़काऊ भाषण देने पर 3 से 5 साल की सजा
- **बच्ची से दुष्कर्म पर दोषी को मौत की सजा**
- गैंगरेप के दोषी को आजीवन कारावास की सजा

**16वीं विधानसभा सत्र का पहला दिन: 191 विधायकों ने ली शपथ**

# पहले राजस्थानी भाषा पर अड़े फिर ली हिंदी में शपथ

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान की नवगठित 16वीं विधानसभा का पहला सत्र बुधवार से शुरू हुआ। दो दिन के इस सत्र का गुरुवार को समापन होगा। सत्र के पहले दिन नवनिर्वाचित विधायकों ने शपथ ली। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, दोनों उप मुख्यमंत्रियों दीया कुमारी व डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने भी शपथ ली। बुधवार को 8 विधायक शपथ लेने नही पहुंचे। इनमें जिनमें 5 बीजेपी और 3 कांग्रेस विधायक हैं। इससे पहले सदन पहुंचे कई विधायकों ने राजस्थानी भाषा में शपथ लेने की कोशिश की, लेकिन नियमों का हवाला देकर प्रोटेम स्पीकर कालीचरण सराफ ने इसकी अनुमति नहीं दी। सदन में 13 विधायकों ने संस्कृत में शपथ ली। इस दौरान कोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी को राजस्थानी में शपथ लेने पर सराफ ने टोका तो भाटी ने कहा कि नोटिस में डाला था, मेल किया था। विपक्षी विधायकों ने टोका तो उन्होंने कहा कि राजस्थानी भाषा अपना गर्व है, आप ऐसे ही किसी को नहीं टोक सकते हो। इस पर सराफ ने नियमों का हवाला दिया, तब भाटी ने हिंदी में शपथ ली। इधर, संसद में विपक्षी सांसदों के निलंबन के विरोध में पूर्व सीएम अशोक गहलोत, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट सहित सभी कांग्रेस विधायक काली पट्टी बांधकर सदन में पहुंचे।

## आज होगा विधानसभा अध्यक्ष पद का चुनाव

## काली पट्टी बांधकर सदन में पहुंचे कांग्रेस के विधायक



### आज होगा स्पीकर का चुनाव

सत्र के दूसरे दिन बाकी बचे विधायकों को शपथ दिलाने की संभावना है। इसके बाद स्पीकर का चुनाव होगा। उल्लेखनीय है कि राजस्थान विधानसभा में सर्वसम्मति से स्पीकर का चुनाव की परंपरा रही है। इस बार भी यही परंपरा निभाई जाएगी, वासुदेव देवनानी का सर्वसम्मति से स्पीकर चुना जाना लगभग तय माना जा रहा है। नई विधानसभा के पहले सत्र में राज्यपाल का अभिभाषण होता है, इस बार केवल दो दिन ही सदन चलेगा, जिसका गुरुवार को अंतिम दिन है। इसमें राज्यपाल का अभिभाषण नही होगा।

**गडोटासरा ने सांसदों के निलंबन का उठाया मामला, धारीवाल बोले**

### भजन मंडली आ गई...

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने शपथ लेने वाली डायस से ही सांसदों के निलंबन का विरोध किया। उन्होंने कहा कि मैं और मेरी पार्टी देश में प्रजातंत्र की हत्या का विरोध करते हैं। इस पर प्रोटेम स्पीकर कालीचरण सराफ ने खड़े होकर कहा कि इसकी अनुमति नहीं है। इसके बाद इसे सदन की कार्यवाही से निकाल दिया गया। इधर कांग्रेस के शांति धारीवाल ने भाजपा विधायकों के आने पर कहा, भजन मंडली आ गई। इस पर हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य ने आपत्ति जताई।

### सीएम भजनलाल ने की पूर्व सीएम अशोक गहलोत से मुलाकात



सीएम भजनलाल शर्मा ने बुधवार शाम को पूर्व सीएम अशोक गहलोत के बंगले पर जाकर उनसे मुलाकात की। सीएम भजनलाल और पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने काफी देर तक प्रदेश के मुद्दों पर चर्चा की। दोनों के बीच यह शिष्टाचार मुलाकात बताई जा रही है। सीएम और पूर्व सीएम की यह मुलाकात सियासी चर्चा का मुद्दा बन गई है। सीएम भजनलाल शर्मा ने दो दशक बाद फिर परंपरा को शुरू किया है।

### मंत्रिमंडल गठन की कवायद तेज... दिल्ली पहुंचे सीएम व दोनो डिप्टी सीएम

विधानसभा सत्र के पहले दिन सदन में शपथ दिलाने का काम हुआ। शाम को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व दोनों डिप्टी सीएम दीया कुमारी व डॉ. प्रेमचंद बैरवा विशेष विमान से दिल्ली पहुंचे। सीएम के दिल्ली पहुंचते ही मंत्रिमंडल गठन को लेकर चली आ रही चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया है। बताया जा रहा है कि दिल्ली में मौजूद सीए भजनलाल शर्मा गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह के अलावा अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर सकते हैं। इधर, सूत्रों से के अनुसार मंत्रिमंडल के नामों पर लगभग सहमति बना ली गई है। सब कुछ तय रहा तो सीएम भजनलाल शर्मा की टीम में 11 विधायक कैबिनेट व 8 विधायक राज्यमंत्री बनाए जा सकते हैं। नामों का ऐलान गुरुवार शाम तक हो सकता है। इसके बाद एक दो दिन में नए मंत्रिमंडल को शपथ दिलाई जा सकती है।

## आज राज्यपाल मिश्र करेंगे 'शिल्पग्राम उत्सव' का शुभारंभ



**बेधड़क | उदयपुर**

केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर की ओर से आयोजित किए जा रहे 'शिल्पग्राम उत्सव' का शुभारंभ गुरुवार शाम राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र करेंगे। देशभर की लोक संस्कृति को एक धागे में पिरोने वाले इस वृहद लोकोत्सव में जहां लोक गीत-संगीत-नृत्य का अनूठा संगम होगा, वहीं तमाम राज्यों के हस्तशिल्प उत्पाद बनाने वाले यहां लगे करीब 400 स्टाल्स पर अपने उत्पादों को बिक्री के लिए रखेंगे।

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर की निदेशक किरण सोनी गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के विजन के तहत केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत यह लोकोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इसका शुभारंभ गवर्नर कलराज मिश्र और अन्य अतिथि गुरुवार शाम मुख्य मंच पर ढोल वादन के साथ करेंगे। तत्पश्चात 'लोक झंकार' कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शुरू होंगी। यह आयोजन 30 दिसंबर तक चलेगा।

राज्यपाल कलराज मिश्र बुधवार सुबह विमान से उदयपुर पहुंचे। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर की निदेशक किरण सोनी गुप्ता तथा अन्य अधिकारियों ने उनका एयरपोर्ट पर स्वागत किया। इसके बाद राज्यपाल ने उदयपुर में अपने अन्य निर्धारित कार्यक्रमों में शिरकत की। वे गुरुवार शाम वे मुख्य मंच से जहां शिल्पग्राम उत्सव का शुभारंभ करेंगे, वहीं इससे पूर्व शिल्पग्राम के संगम सभागार में म्यूरल कला प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। यह समारोह शाम 5:30 बजे राज्यपाल के आगमन के साथ आरंभ होगा। **(पेज 4 भी देखें)**

### देशभर के नामचीन लोक कलाकार पहुंचे

इन दस दिनों में देशभर से आए नामचीन लोक कलाकार अपनी-अपनी आर्ट फार्म का सिद्धहस्तता से प्रदर्शन करेंगे। इसमें जहां करीब 500 कलाकार अपनी लोक कला का मुक्ताकाशी मंच पर प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोहेंगे, वहीं करीब 400 स्टाल्स पर हस्तशिल्प के उत्पादों की बिक्री होगी।

### प्रतियोगिता, शिविर और कार्यशाला

उत्सव के दौरान मांडणा और मेहंदी कला प्रतियोगिता के साथ ही फड़ कला शिविर तथा रेखा चित्र कार्यशाला का आयोजन भी होगा। इनमें प्रतिभागी जहां नई कला सीखने के साथ ही अपनी कला को और निखार सकेंगे।

**मिमिक्री पर गर्म हुई सियासत**

# धनखड़ की मिमिक्री से मोदी आहत, बोले... 20 साल से सह रहा हूं अपमान

- संसद भवन में इस तरह का अपमान दुर्भाग्यपूर्ण: पीएम
- गरिमा और शिष्टाचार के मानदंडों के भीतर होनी चाहिए अभिव्यक्ति: मुर्मू
- उपराष्ट्रपति बोले... ऐसी हरकतें मुझे नहीं डिगा सकतीं अपने कर्तव्य पथ से

**एजेंसी | नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद परिसर में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री करने पर दुख जताया है। उन्होंने इस घटना के बाद उपराष्ट्रपति धनखड़ को फोन कर उनसे बात की। पीएम मोदी ने उपराष्ट्रपति से हुई बातचीत के दौरान कहा कि 20 साल से मेरा भी ऐसा ही अपमान किया जाता रहा है, लेकिन संवैधानिक पद पर विराजमान उपराष्ट्रपति का संसद भवन में इस तरह का अपमान दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं, उपराष्ट्रपति धनखड़ ने पीएम को कहा कि कुछ लोगों की ऐसी हरकतें मुझे अपने कर्तव्य पथ से नहीं डिगा सकतीं।



### राष्ट्रपति ने जताया दुख

संसद परिसर में जिस तरह से उपराष्ट्रपति को अपमानित किया गया, इस घटना पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दुख जताया है। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि संसद परिसर में जिस तरह से हमारे सम्मानित उपराष्ट्रपति को अपमानित किया गया, उसे देखकर मुझे निराशा हुई है। निर्वाचित प्रतिनिधियों को खुद को व्यक्त करने के लिए स्वतंत्र होना चाहिए, लेकिन उनकी अभिव्यक्ति गरिमा और शिष्टाचार के मानदंडों के भीतर होनी चाहिए।

### टीएमसी सांसद बनर्जी ने दी सफाई...

मिमिक्री कर विवादों में घिरे तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी ने सफाई दी। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि मेरा किसी को ठेस पहुंचाने का इरादा कभी नहीं था। धनखड़ साहब मुझसे बहुत वरिष्ठ हैं। मुझे नहीं पता कि उन्होंने इसे अपने ऊपर क्यों लिया है। बनर्जी ने मिमिक्री को अपनी कला बताते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने भी पहले ऐसा ही संसद में किया है। उन्होंने यह भी कहा कि वह जगदीप धनखड़ का बहुत सम्मान करते हैं।

### लोगों को भड़काने से बचना चाहिए: खरगे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने नेताओं को चुप रहने और भड़काऊ भाषा के इस्तेमाल से बचने के लिए आगाह किया। संसद की सीढ़ियों पर टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा की गई मिमिक्री को जगदीप धनखड़ ने 'व्यक्तिगत हमला' और 'किसान, समुदाय का अपमान' बताया। खरगे ने कहा कि एक इस तरह की बातें नहीं करनी चाहिए...लोगों को भड़काने से बचना चाहिए। मेरी जाति पर भी हमला किया जाता है, मैं कुछ नहीं कहता।

### उपराष्ट्रपति पर भड़कीं जया बच्चन



समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन ने सांसदों के निलंबन पर चिंता व्यक्त कीं और इसे लोकतंत्र की हत्या करार दिया। वे राज्यसभा में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के सामने चिल्लाती नजर आईं। जया बच्चन लगातार उपराष्ट्रपति धनखड़ का ध्यान अपनी ओर खींचने की कोशिश कर रही थीं और उन्हें उच्च सदन में 'सर, सर...' बाद में न्यूज एजेंसी से बात करते हुए उन्होंने कहा 'मैं लगातार चिल्ला रही थी और बोलने की इजाजत मांग रही थी। फिर मैंने कहा, मैं आपको सर कह रही हूं लेकिन आप जवाब नहीं दे रहे हैं। अब मैं आपको मैडम कहूंगी।

## जरूरी खबर

### पेपर लीक में SIT का गठन सराहनीय: पायलट



**जयपुर।** भाजपा सरकार की ओर से पेपर लीक को लेकर स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम के गठन का पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक मामले में तह तक जाकर निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ का अधिकार किसी को नहीं है। उन्होंने कहा कि हमने तो शुरू से मेंटेन किया है कि किसी ने कोई गलत काम किया तो उसकी तह तक जाएं। पायलट ने कहा- मैं तो स्वागत करता हूं कि पेपल लीक में जो भी जिम्मेदार हो उस पर कार्रवाई हो। लेकिन, कोई कार्रवाई प्रतिशोध की भावना से नहीं होनी चाहिए।

### लाभार्थी खुद भी कर सकते हैं ई-केवाईसी

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की एसीएस शुभ्रा सिंह ने आयुष्मान चिरंजीवी कार्ड की ई-केवाईसी की प्रगति की समीक्षा करते हुए इस कार्य को अगले साल 26 जनवरी तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ई-केवाईसी के कार्य को गंभीरता से लेते हुए जिलों को दैनिक लक्ष्य आवंटित कर मॉनीटरिंग की जाए। सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा हाल ही में तैयार 'आयुष्मान' एप के नवीन वर्जन में ई-केवाईसी के साथ-साथ सेल्फ वेरिफिकेशन एवं अप्रूव्ड कार्ड को डाउनलोड करने की सुविधा भी उपलब्ध है।

### बालवाहिनी चालकों को दिया यातायात प्रशिक्षण



**जयपुर।** यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा जन जागरूकता के लिए सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात नियमों का प्रचार-प्रसार करने के लिए बुधवार को बालवाहिनी चालकों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। पुलिस उपायुक्त यातायात लक्ष्मण दास के निर्देशन में गो-कनेक्ट के सहयोग से यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान यातायात पुलिस की शिक्षा टीम के सहायक उपनिरीक्षक अब्दुल सलीम और कांस्टेबल जयवीर ने सड़क सुरक्षा प्रबंधन एवं यातायात नियमों की जानकारी दी गई। टीम ने बालवाहिनी चालक और विद्यालय के कर्मचारियों को यातायात नियमों के पालना की शपथ दिलाई।

## विधासभा सत्र के पहले दिन विधायकों का निराला अंदाज

# गदा लेकर पहुंचे बालमुकुंदाचार्य ट्रैक्टर चलाते हुए आईं बनावत

- उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने सीढ़ियों को प्रणाम कर सदन में किया प्रवेश
- बीकानेर पश्चिम से विधायक जेठानंद व्यास बाइक पर आए विधानसभा
- तीन विधायक आदिवासी वेशभूषा पहनकर पहुंचे सदन





**बेधड़क. जयपुर।** 16वीं विधानसभा के पहले सत्र के पहले दिन बुधवार को विधानसभा में कई रोचक नजारे देखने को मिले। कोई विधायक ट्रैक्टर से तो कोई विधायक बाइक से शपथ लेने के लिए विधानसभा पहुंचा। बीकानेर पश्चिम से भाजपा विधायक जेठानंद व्यास बाइक पर सवार होकर और बयाना से निर्दलीय विधायक रितु बनावत ट्रैक्टर चलाकर पहले दिन विधानसभा पहुंची। इसके अलावा जयपुर के हवामहल से विधायक बालमुकुंदाचार्य एक हाथ में गदा व दूसरे हाथ में नारियल लिए सदन पहुंचे। वहीं डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने सदन में प्रवेश से पूर्व सीढ़ियों पर शीश नवाया। बुधवार को विधानसभा पहुंचे कई विधायकों की वेशभूषा की चर्चा का विषय बनी। वहीं, डीडवाना से निर्दलीय विधायक यूनुस खान ने जब संस्कृत में शपथ ली तो सदन में मौजूद सभी विधायक चौंक गए। कई विधायक आदिवासी वेशभूषा पहनकर विधानसभा पहुंचे, जिसकी सदन में खासी चर्चा रही।

### बालमुकुंदाचार्य ने धारीवाल पर साधा निशाना

सदन में शपथ कार्रवाई के दौरान हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य ने कांग्रेस नेता शांति धारीवाल के उस बयान पर कड़ी आपत्ति जताई, जिसमें धारीवाल ने भाजपा विधायकों को लेकर कहा था कि भजन मंडली आ गई। इस पर बालमुकुंदाचार्य ने कहा कि बुढ़ापे में धारीवाल की बुद्धि भ्रष्ट हो गई। कभी कहते हैं कि यह मर्दों का प्रदेश है। अब कह रहे है कि भजन मंडली आ गई। अरे आपको भजन से इतनी आपत्ति क्यों हैं? भजन अच्छी चीज है... भजन मंडली आ गई तो भजन करेगी, सत्संग करेगी, 36 कौम को साथ में लेगी, सबका विश्वास जीतकर प्रदेश का विकास करेगी।

### महिला विधायक को ट्रैक्टर चलाते देख लोग हुए हैरान



अनूठे और निराले अंदाज में विधानसभा पहुंचे विधायक चर्चा का विषय रहे। वहीं महिला विधायक को ट्रैक्टर से आता देख लोग हैरान रह गए। भरतपुर के बयाना से निर्दलीय विधायक डॉ. रितु बनावत ने विधानसभा पहुंचने ट्रैक्टर का इस्तेमाल किया। रितु बनावत फूल मालाओं से सजे ट्रैक्टर को खुद चलाकर विधानसभा पहुंचीं। मीडिया से बातचीत में बयाना विधायक रितु बनावत ने कहा कि ट्रैक्टर किसानों का प्रतीक माना जाता है। वे किसानों से जुड़े मुद्दे राजस्थान विधानसभा में उठाती रहेंगी। इसलिए शपथ लेने भी ट्रैक्टर पर सवार होकर पहुंचीं। बयाना सीट पर भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर रितु बनावत ने बगावत कर डाली थी और निर्दलीय चुनाव लड़ा। अब राजस्थान में भाजपा की सरकार बनने पर रितु बनावत ने कहा कि उनका सरकार को समर्थन रहेगा।

### इन विधायकों ने संस्कृत में ली शपथ

इस बार अच्छी-खासी संख्या में विधायकों ने संस्कृत भाषा में शपथ ली है। गोपाल शर्मा, छगन सिंह, जोगेश्वर गर्ग, जोराराम कुमावत, नोक्षम चौधरी, जेठानंद व्यास, पब्बाराम विश्नोई, महंत प्रतापपुरी, बाबू सिंह राठौड़, दीप्ति माहेश्वरी, कैलाश मीणा ने संस्कृत में शपथ ली। ये सभी भाजपा विधायक हैं। वहीं कांग्रेस के विधायक जुबेर खान और निर्दलीय विधायक युनूस खान ने भी संस्कृत में शपथ ली है।

### किरोड़ी बोले- मैडम के साथ फोटो लीजिए

विधानसभा में जब वसुंधरा राजे जब शपथ ले रहीं थीं, उस वक्त आसन पर प्रोटेम स्पीकर की जगह किरोड़ीलाल मीणा थे। शपथ लेने के बाद विधायक आसन पर मौजूद प्रोटेम स्पीकर का अभिवादन करते हैं। वसुंधरा राजे की शपथ के बाद वासुदेव देवनानी का नाम पुकारा गया। इसके बाद वसुंधरा राजे स्पीकर के आसन की तरफ आ रही थीं तो किरोड़ी लाल मीणा ने सदन में मौजूद फोटोग्राफर को इशारा करते हुए कहा- मैडम के साथ फोटो लीजिए।



फोटो: राजेश कुमावत

### जिस बाइक से प्रचार किया उसी से पहुंचे विधानसभा

बीकानेर पश्चिम से भाजपा के विधायक जेठानंद व्यास ने मोटरसाइकिल से विधानसभा पहुंचे। इसी बाइक से विधानसभा चुनाव में प्रचार किया था। व्यास ने कांग्रेस के पूर्व मंत्री बीडी कल्ला को हराया था। हालांकि मीडिया से बातचीत में जेठानंद व्यास ने कहा कि राजस्थान में पेट्रोल-डीजल बहुत महंगा है। इसलिए बाइक को प्रतीक के तौर पर चुना है। अब उम्मीद है बीजेपी की सरकार बन गई है तो पेट्रोल-डीजल के दाम कम होंगे।

### पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने हिंदी में ली शपथ

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने बुधवार को राजस्थान विधानसभा में विधायक पद की शपथ ली। राजे ने हिंदी में विधायक पद की शपथ ली। राजे झालरापाटन से विधायक चुन कर आई हैं। राजे 2003 में पहली बार यहां से विधायक बनी थीं। इसके बाद उन्हें सीएम बनाया गया था। 2013 में एक बार फिर वे राज्य की सीएम बनी। राजे झालरापाटन से पांचवी बार विधायक बनी हैं।





*भारत आदिवासी पार्टी के विधायक परंपरागत आदिवासी वेशभूषा में शपथ लेने पहुंचे।*

### किसान मोर्चा ने पुतला फूंक कर किया प्रदर्शन

**बेधड़क. जयपुर।** संसद परिसर में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद कल्याण बेनर्जी द्वारा देश के उप-राष्ट्रपति की मिमिक्री मामलें को लेकर प्रदेशभर में भाजपा ने विरोध प्रदर्शन कर विरोध जताया। राजधानी जयपुर में कलेक्ट्रेट सर्किल पर प्रदर्शन कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंका। इससे पहले भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री ओ.पी. यादव के नेतृत्व में भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट सर्किल पहुंचे, जहां टीएमसी सांसद कल्याण बेनर्जी एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध-प्रदर्शन किया।


## हाल-ए-मौसम: शेखावाटी में गलन भरी सर्दी, फतेहपुर में 0.5 डिग्री पर पहुंचा पारा

# दिनभर सूरज की बादलों में लुकाछिपी और ठंडी हवा ने छुड़ाई धूजणी

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में मौसम ने बुधवार को अचानक आए पलटा खाया, जिससे सर्दी का अहसास बढ़ गया। बुधवार को राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के 15 से ज्यादा जिलों में बादल छाए रहे। जयपुर में न्यूनतम पारा 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

यहां दिनभर सूर्य की बादलों के बीच चली लुकाछिपी ने सर्दी का अहसास कराया। इधर, मौसम विभाग ने 22 दिसंबर को कुछ जिलों में बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार 22 दिसंबर से एक हल्के प्रभाव का वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होगा। इससे बीकानेर, जोधपुर संभाग के अलावा शेखावाटी एरिया में हल्की बारिश हो सकती है। शेखावाटी की बात की जाए तो यहां सीकर के फतेहपुर में पारा 0.5 डिग्री पर पहुंच गया, जिससे पेड़ पौधों व गाडियों पर ओस की बूंदे जमी हुई दिखी। यहां पारे में गिरावट के चलते ठंड बढ़ गई है। चूरू में न्यूनतम तापमान गिरकर 3.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। गुरुवार को तापमान के और भी कम होने की संभावना है।



### इन जिलों में छाए बादल, बढ़ी ठंड

मौसम विभाग के अनुसार अरब सागर में बने एक वेदर सिस्टम के कारण जोधपुर, उदयपुर और अजमेर संभाग में बुधवार को बादल छाए रहे। इसके अलावा सिरोही, बाड़मेर, पाली, राजसमंद, भीलवाड़ा, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, जालोर, टोंक, व सवाई माधोपुर में दिनभर सूर्य बादलों की ओट में छिपा रहा। धौरों में धूजणी छुड़ाने वाली सर्दी हो गई है। विशेषज्ञों के मुताबिक उत्तर भारत से वेस्टर्न डिस्टर्बेंस आगे निकल जाने के कारण पहाड़ों से सीधी हवा मैदानी राज्यों में आ रही है।

### कल कई राज्यों में बारिश की संभावना

जयपुर मौसम केंद्र के डायरेक्टर राधेश्याम शर्मा के अनुसार 22 दिसंबर से एक हल्के प्रभाव का वेस्टर्न डिस्टर्बेंस राज्य पर एक्टिव होगा। इसका असर जोधपुर, बीकानेर संभाग के अलावा शेखावाटी में सीकर, झुंझुनूं में भी देखने को मिलेगा। इन जिलों में 22 व 23 दिसंबर को आसमान में बादल छा सकते हैं और कहीं-कहीं हल्की बारिश भी हो सकती है।

### मौसमी बीमारियों के बढ़ रहे मरीज

मौसम में बदलाव का खासा असर दिखाई दे रहा है। लोग खांसी, जुकाम, बुखार जैसी मौसमी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। एसएमएस अस्पताल में मरीजों की लंबी कतारें लगी है। इसके साथ जयपुरिया अस्पताल, कांवटिया अस्पताल, सेटेलाइट अस्पताल व अन्य अस्पतालों मे भी मरीजों की कतारें देखी जा सकती हैं। इसके साथ ही बच्चे भी वायरल डिजीज की चपेट में आ रहे हैं। जेके लोन अस्पताल में खांसी-जुकाम, निमोनिया, पसली चलना व डायरिया के मरीज बढ़ रहे हैं। डॉक्टरों के अनुसार पहले जुकाम-खांसी के मरीज 2 से 3 दिन में स्वस्थ हो रहे थे। वहीं अब ठीक होने में करीब 2 सप्ताह का समय लग रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार तापमान में कमी के साथ ही वायरस का असर और प्रदूषण युक्त वातावरण के कारण मरीज को स्वस्थ होने में अधिक समय लग रहा है।

## जरूरी खबर

### फ्लाइट में महिला पैसेंजर की तबीयत बिगड़ी, मौत



**जयपुर।** जयपुर एयरपोर्ट पर मंगलवार रात को इंडिगो की एक फ्लाइट को मुंबई के लिए उड़ाने भरने के बाद अंदर एक महिला पैसेंजर की तबीयत खराब हो जाने के कारण वापस लौटना पड़ा। उड़ान के 40 मिनट बाद ही लौटी फ्लाइट में बीमार हुई इस पैसेंजर रेणु जैन को नजदीकी अस्पताल भेजा गया। यहां, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बाद में बुधवार सुबह 4:30 बजे फ्लाइट ने एक बार फिर मुंबई के लिए उड़ान भरी। गौरतलब है कि जयपुर से रात 1 बजे इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6E-5226 ने मुंबई के लिए उड़ान भरी थी। उड़ान के करीब 25 मिनट बाद महिला यात्री रेणु जैन की तबीयत बिगड़ गई। पायलट ने मेडिकल इमरजेंसी के चलते टेक ऑफ के 40 मिनट बाद ही फ्लाइट को लैंड कराया।

### शिक्षा विभाग ने डेपुटेशन रद्द के आदेश लिए वापस

**जयपुर।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में डेपुटेशन पर चल रहे टीचर्स को वापस मूल पद पर भेजने के आदेश को शिक्षा विभाग ने निरस्त कर दिया हैं। बीकानेर संभाग के संयुक्त निदेशक राजकुमार शर्मा ने अपने ही आदेश को रद्द कर दिया है। ऐसे में अब सरकारी स्कूल्स में डेपुटेशन पर काम कर रहे टीचर्स को नहीं हटाया जाएगा। ये टीचर्स आगामी आदेश तक इन्हीं स्कूलों में काम करते रहेंगे। गौरतलब है कि पिछले सत्र में खुले नए स्कूल और क्रमोन्नत स्कूल्स में टीचर्स की व्यवस्था डेपुटेशन से ही की गई थी। ऐसे में उन स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था प्रभवित हो सकती थी। वहीं अब शिक्षा विभाग में ये सवाल खड़ा हो रहा है कि संयुक्त निदेशक ने किस अधिकारी के निर्देश पर डेपुटेशन रद्द करने के लिए आदेश जारी किए थे। विभाग में अब तक शिक्षा मंत्री भी नहीं आया है।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


**मकर संक्रांति के मद्देनजर एक्शन में पुलिस:** आयुक्त ने दिए निर्देश, आज से बिक्री पर भी रोक

# धारदार मांझे से पतंग उड़ाते पकड़े गए तो एक महीने की जेल

**बेधड़क** | जयपुर

शहर में मकर संक्रांति के नजदीक आते ही पतंगबाजी का दौर शुरू हो गया है। ऐसे में वाहन चालकों की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने जयपुर शहर कमिश्नरेट क्षेत्र में होने वाली पतंगबाजी के दौरान शहर में प्लास्टिक, सिंथेटिक पदार्थ, लोहा या कांच पाउडर एवं विषैले पदार्थ से बने मांझे की खरीद, बिक्री और उपयोग पर रोक लगा दी है। इस संबंध में पुलिस आयुक्त के निर्देश के बाद अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (द्वितीय) कुंवर राष्ट्रदीप ने बुधवार को आदेश जारी कर दिए हैं। पकड़े जाने पर एक माह की जेल या 200 रुपए जुर्माना भरना होगा।



### 31 जनवरी तक रहेगी रोक

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (द्वितीय) ने बताया कि धातु मिश्रित मांझे से आमजन एवं पक्षियों को होने वाले नुकसान और उसके बिजली के तारों से छू जाने पर करंट आकर होने वाली जन हानि को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि आम नागरिकों एवं पशु पक्षियों के जानमाल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत प्लास्टिक, सिंथेटिक पदार्थ, लोहा या कांच पाउडर एवं विषैले पदार्थ से बने मांझे की खरीद बिक्री एवं उपयोग पर रोक रहेगी। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति अथवा व्यक्तियों पर भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 188 के तहत अभियोग चलाया जा सकेगा। यह आदेश 21 दिसम्बर 2023 से 31 जनवरी 2024 तक या इससे पूर्व निरस्त किये जाने पर उस दिनांक तक प्रभावशील रहेगा।

### पुलिस चलाएगी सघन अभियान

दरअसल पंतग उड़ाने के लिए बाजार में चायनीज या लोहा व कांच मिश्रित मांझा भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इस मांझे की धार पैनी और मजबूत होने से ये वाहन चालक के शरीर पर घाव कर देता है। पिछले सालों में कई लोगों की जान भी जा चुकी है। इस संबंध में पुलिस की ओर से बाजारों में सघन अभियान भी चलाया जाएगा, दुकानों पर धारदार मांझा मिलने पर दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।

**1774 दर्ज मुकदमों की तफ्तीश की स्क्रूटनी के दौरान मिली खामियां**

# अनुसंधान में जयपुर की पुलिस करती है सबसे ज्यादा 'गड़बड़'

**बेधड़क** | जयपुर

■ कोर्ट व पुलिस उच्च अधिकारियों के आदेश पर 10 माह में 613 मुकदमे रि ओपन

प्रदेश में हर परिवादी की फरियाद सूनकर उसको न्याय दिलाने के दावे करने वाले पुलिस के ही अफसर दर्ज मुकदमों की जांच में पक्षपात कर रहे हैं। मुकदमों की जांच में अनुसंधान अधिकारी निर्दोष को आरोपी और आरोपी पक्ष को निर्दोष साबित करने में लगे हैं। पुलिस के आंकड़ों की माने तो वर्ष 2023 में अक्टूबर माह तक 1774 दर्ज हुए गंभीर अपराध समेत अन्य प्रकरण के मामले फिर से जांच के लिए रिओपन हुए हैं।

रिओपन करके फिर से जांच के निर्देश कोर्ट ने या फिर पुलिस के ही उच्च अधिकारियों ने दिए हैं। परिवादियों की शिकायतों के आधार पर फाइलों की स्क्रूटनी कराई तो अनुसंधान में भारी गड़बड़ियां मिली है। प्रदेश में सबसे ज्यादा अनुसंधान में जयपुर कमिश्नरेट की पुलिस अनियमितताएं करती हैं। जयपुर कमिश्नरेट के अलग-अलग थानों में दर्ज हुए 613 मुकदमे जांच के लिए फिर से रिओपन हुए हैं। बांसवाड़ा रेंज में सबसे कम 6 मुकदमे रिओपन हुए हैं। खास बात है कि अनुसंधान अधिकारियों द्वारा दर्ज मुकदमों में पक्षपात करने की बात सामने आने के बाद ही पुलिस के उच्च अधिकारी उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करके केवल मामले को रिओपन करने के बाद अनुसंधान अधिकारी बदलकर खानापूर्ति कर लेते हैं। ऐसे में उच्च अधिकारियों की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं। सलुंबर में तो एक भी मुकदमा रिओपन नहीं हुआ। दूदू, शाहपुरा, भिवाड़ी, बूंदी, कोटा ग्रामीण, राजसमंद, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, सांचोर, बालोतरा, जोधपुर ग्रामीण, फलौदी व चूरू जिले में 10 कम मुकदमे ही रिओपन हुए हैं।




#### जयपुर कमिश्नरेट के हालात

प्रदेश में सबसे ज्यादा अनुसंधान में गड़बड़ करने के मामले जयपुर कमिश्नरेट के चारों जिले में सामने आए हैं। जयपुर कमिश्नरेट की पश्चिम जिले की पुलिस द्वारा दर्ज किए गए सबसे ज्यादा 212 मुकदमे फिर से जांच के लिए रिओपन हुए हैं। इसके बाद में पूर्व जिले के 210, दक्षिण जिले के 111 और उत्तर जिले के 80 मुकदमे रिओपन हुए हैं। इन जिलों के अलावा कोटा शहर के 62 व नागौर के 63 मुकदमे रिओपन हुए हैं। चार साल में जयपुर कमिश्नरेट के पुलिस द्वारा दर्ज मुकदमों में किए गए अनुसंधान को लेकर पुलिस मुख्यालय को कई दफा शिकायते मिली हैं, लेकिन पुलिस मुख्यालय ने शिकायतों पर कोई अमल नहीं किया।

#### यह है स्थिति

| रेंज | रिओपन मुकदमे |
|---|---|
| अजमेर | 186 |
| जयपुर कमिश्नरेट | 613 |
| जयपुर रेंज | 154 |
| सीकर | 130 |
| बीकानेर रेंज | 153 |
| भरतपुर रेंज | 131 |
| जोधपुर कमिश्नरेट | 78 |
| जोधपुर रेंज | 46 |
| पाली | 77 |
| कोटा | 100 |
| उदयपुर | 94 |
| बांसवाड़ा | 06 |

" जो तफ्तीश होती है, उनका सुपरविजन होना जरूरी है। सबूत मिलते हैं उसके आधार पर कार्रवाई होनी चाहिए। कुछ मामलों में पक्षपात की बात सामने आती है, लेकिन पक्षपातपूर्ण कार्रवाई नहीं होनी चाहिए।

**अनिल गोठवाल,** रिटायर्ड, एडिशनल एसपी

**डेयरी बूथ और बाइक भी हुई खाक**

# केमिकल गोदाम में आग से दहशत

**बेधड़क** | जयपुर

बाईस गोदाम इलाके में बुधवार को एक केमिकल गोदाम में भीषण आग लग गई। हादसे में गोदाम के अंदर रखे तीन ड्रम धमाके के साथ ब्लास्ट हो गए, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। सूचना पर पहुंची दमकल की सात गाड़ियों ने आधे घंटे की मशक्कत कर आग पर काबू पाया। वहीं, आग की चपेट में आने से एक डेयरी बूथ और बाइक भी जलकर राख हो गए। इस संबंध में अग्निशमन अधिकारी राजेन्द्र नागर ने बताया कि 22 गोदाम फायर स्टेशन के पास ही रीको एरिया में एक केमिकल के गोदाम में केमिकल से भरे 8 ड्रम रखे हुए थे। दोपहर करीब 12:30 बजे पास ही लगे ट्रांसफॉर्मर से निकली चिंगारी से बंद पड़े गोदाम में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया। आग लगने से केमिकल से भरे ड्रम ब्लास्ट हो गया। जोरदार धमाके की आवाज सुनकर स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। फायर स्टेशन से पहुंची 7 गाड़ियों ने आधे घंटे की मशक्कत कर आग पर काबू पाया। गोदाम के पास खड़ी बाइक और एक डेयरी बूथ भी आग की चपेट में आ गए और जलकर खाक हो गए।



### गोदाम बनते समय हुआ था विरोध

डेयरी बूथ की मालिक विमला का कहना है कि करीब 20 साल पहले हमें डेयरी बूथ आवंटित हुआ था। पिछले करीब 4 साल से छोटी जगह में केमिकल का गोदाम डाल दिया गया। केमिकल गोदाम का लोगों ने विरोध भी किया, लेकिन उसके संचालक ने उसे बंद नहीं किया। गोदाम के पीछे मकान में लोग रहते हैं। आग से डेयरी जलकर खाक हो गई।

### गाड़ियों के कारखाने में लगी आग

जयसिंहपुरा खोर थाना इलाके में मंगलवार रात को सड़वा मोड़ के पास एक कारखाने में भीषण आग लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल ने करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया। कारखाने में रखा सामान और खड़ी गाड़ियां जलकर खाक हो गई। पुलिस ने बताया कि खोर निवासी शाहिद के कारखाने में आग लगी है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

**गिग वर्कर्स ने परिवहन आयुक्त को सौंपा ज्ञापन**

# पुलिस कार्रवाई नहीं रोकी तो आंदोलन

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में हजारों की तादाद में काम कर रहे गिग वर्कर्स, कंपनियों और पुलिस प्रशासन के बीच नियमों की उलझन में खमियाजा भुगत रहे हैं।

ओला, उबर, रेपिडो, स्विग्गी, जोमेटो में काम कर रहे मोबाइल ऐप आधारित श्रमिकों का जयपुर पुलिस प्रशासन निजी मोटरसाइकल से परिवहन करने पर चालान और सीज की कार्रवाई कर रही है। श्रमिकों का कहना है कि पूरे देश में निजी मोटरसाइकिल पर खाद्य पदार्थों का पार्सल ऑर्डर के आधार पर दे रहे हैं, लेकिन जयपुर पुलिस चालान कर रही है। यूनियन के अध्यक्ष धर्मेंद्र वैष्णव ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई सरासर गलत है। इसके खिलाफ बुधवार को परिवहन आयुक्त को यूनियन ने एक ज्ञापन सौंपकर आगाह किया गया कि शीघ्र इस कार्रवाई को रोका जाए, अन्यथा संगठन आंदोलन करेगा। वैष्णव ने बताया कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की नई सरकार बनने के बाद भी परिवहन मंत्री के नियुक्त नहीं किए जाने से परिवहन विभाग अपनी मनमानी कर रहा है। इसकी जिम्मेदारी भारतीय जनता पार्टी को लेनी चाहिए और इस कार्यवाही को रुकवाने में मुख्यमंत्री जी को आगे आकर सहयोग करना चाहिए।



**कोविड की तैयारियों की समीक्षा, रिहर्सल पर उठे सवाल**

# बताकर किया तो फिर मॉकड्रिल कैसा?

**बेधड़क** | जयपुर

देश में कोविड के नये सब वैरिएंट सॉर्स कॉव-2 जेएन की दस्तक शुरू हो गई है। केंद्र व राज्य सरकार अलर्ट मोड पर आकर तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक भी की है। जैसलमेर जिले में दो कोविड पॉजिटिव केस के मामले भी सामने आए हैं।

बुधवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की एसीएस शुभ्रा सिंह ने प्रदेश में कोविड के नए सब वैरिएंट को लेकर चिकित्सा अधिकारियों की समीक्षा बैठक भी ली है। बैठक में चिकित्सा संस्थानों का 26 दिसंबर को मॉकड्रिल करने का निर्णय लिया गया, लेकिन इस मॉकड्रिल की सूचना सार्वजनिक करने पर चिकित्सा और प्रशासनिक विशेषज्ञ सवाल भी उठा रहे हैं।

उनका मानना है कि अगर बताकर की जा रही है फिर मॉकड्रिल क्या हुई। चिकित्सा कर्मी एक्टिव होकर व्यवस्था को सही दिखाने की कोशिश करेंगे, जबकि वास्तविक स्थिति अलग हो सकती है। बता दें कि 29 नवंबर को भी चीन में बच्चों में फैले कोराना के मामले को लेकर प्रदेश में मॉकड्रिल की गई थी। उसकी सूचना भी सार्वजनिक कर दी गई थी। इधर समीक्षा बैठक में एसीएस शुभ्रा सिंह ने चिकित्सा अधिकारियों को सतर्कता बरतने व आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए हैं। कोविड प्रबंधन के लिए चिकित्सा शिक्षा आयुक्त शिवप्रसाद नकाते की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय कमेटी गठित की गई।

बैठक में चिकित्सा शिक्षा आयुक्त शिवप्रसाद नकाते, आरएमएससीएल की प्रबंध निदेशक अनुपमा जोरवाल, अतिरिक्त निदेशक ग्रामीण स्वास्थ्य डॉ. रविप्रकाश शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

" यह मॉक ड्रिल शब्द भारत सरकार की एडवाईजरी में दिया गया है। इसलिए हम ये शब्द इस्तेमाल कर रहे हैं। मॉक ड्रिल के दौरान अस्पतालों में कोविड इंतजामों को परखा जाएगा।

**शुभ्रा सिंह**, एसीएस, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग

**टोकने पर क्षेत्रीय पार्षद को भी धमकाया, वीडियो वायरल**

# दूसरे वार्ड में खाना खाने गया पार्षद पति, पैसे मांगे तो की गाली-गलौच

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी के श्याम नगर जनपथ इलाके में एक स्टीट वेंडर के फ्री में खाना नहीं देने पर भाजपा के पार्षद पति के गाली-गलौच करने का मामला सामने आया है। बुधवार को घटना का कथित विडियो वायरल होने के बाद मामला सामने आया है। स्टीट वेंडर ने आरोप लगाया कि पार्षद पति ने शराब के नशे में उससे और उसके परिजन से गाली गलौच की और धमकी दी है। हालांकि मामले में पुलिस को शिकायत नहीं दी गई है। स्थानीय व्यापारियों ने जब इस पूरे मामले की शिकायत क्षेत्रीय पार्षद से की तो उन्होंने पार्टी आलाकमान से पार्षद और पार्षद पति के खिलाफ शिकायत कर सख्त एक्शन लेने की मांग की।



### वेंडर का आरोप-उसे और परिजनों को कहे अपशब्द

इस संबंध में पनीर टिक्का की ठेला लगाने वाले वेंडर यश शर्मा ने बताया कि मंगलवार रात हेरिअेज निगम की वार्ड 52 की पार्षद पूनम शर्मा के पति गुलाब लाड़ना अपने कुछ साथियों के साथ जनपथ पर पनीर टिक्का खाने आए, इस पर वेंडर यश ने उनके पैसे मांगने पर नशे में धुत्त पार्षद पति ने यश शर्मा से गाली गलौच कर दी। इस पर वेंडर ने भी उन्हें रोकते हुए खुद को भाजपा का ही कार्यकर्ता बताया और स्थानीय पार्षद को बुला लिया। वेंडर ने आरोप लगाया कि पार्षद पति ने उनके परिजन और स्थानीय पार्षद पवन शर्मा को भी अपशब्द कहे।

### भाजपा नेताओं पर भी भड़के

स्टॉल संचालक ने आरोप लगाया कि उन्होंने कहा कि साहब हम जानते हैं, आप पार्षद पूनम शर्मा के पति हैं। हम भी भाजपा कार्यकर्ताओं मनोज शर्मा के ही रिश्तेदार हैं। इस पर गुलाब लाड़ना ने स्टॉल संचालक को धमकाते हुए कहा कि तुम लोग मेरे आदमियों को खाना नहीं खिलाते हो। स्टॉल संचालक ने कहाकि साहब यहां फैमिली और महिलाएं खड़ी हैं। आप गाली-गलौज नहीं करें। इस पर गुलाब लाड़ना एक बार फिर बीजेपी नेताओं के खिलाफ गाली-गलौज कर उनको डराने लगा। हमने उनसे बोला कि आपका कोई आदमी यहां नहीं आया तो वह स्थानीय पार्षद और भाजपा नेताओं के खिलाफ गाली गलौज करने लगे। इस दौरान वहां मौजूद कुछ लोगों ने समझाकर मामला शांत कराया। मामले का पता चलने पर स्थानीय व्यापारी भी इकट्ठे हो गए, और पार्षद के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे।

" पार्षद पति गुलाब लाड़ना ने मेरे वार्ड में आकर आम व्यापारियों को परेशान किया, जो पूरी तरह गलत है। पार्षद पति ने मेरे खिलाफ और भाजपा नेताओं के खिलाफ भी अपशब्दों का प्रयोग किया है। उनका आचरण ही इसी तरह का है। उनकी इसी तरह की हरकतों का नुकसान पूरी भारतीय जनता पार्टी को उठाना पड़ रहा है। मैंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से उनकी शिकायत की है। अगर इस तरह के लोग पार्टी में रहेंगे तो 2024 के लोकसभा चुनाव में इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**पवन शर्मा,** वार्ड 50 पार्षद

" पार्टी के किसी भी नेता या कार्यकर्ता की इस तरह की हरकतों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पार्षद पति ही नहीं बल्कि पार्षद भी किसी और के वार्ड में ही नहीं बल्कि, खुद के वार्ड में भी इस तरह की हरकत नहीं कर सकते हैं। यह निंदनीय घटना है। जो भविष्य में नहीं होनी चाहिए। इसके लिए हम जल्द ठोस और सख्त कदम उठाएंगे।

**राघव शर्मा,** जयपुर शहर भाजपा अध्यक्ष

" जयपुर शहर में भाजपा का राज आने के बाद भाजपा पार्षदों ने जबरन वसूली और आम जनता के साथ दुर्व्यवहार शुरू कर दिया है। उसी का नतीजा है कि सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र में आम लोगों के साथ अभद्रता की जा रही है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**मनोज मुद्गल,** कांग्रेस पार्षद

## आंदोलन की तैयारी: संघर्ष समिति पीले चावल बांटकर समाजबंधुओं को देगी निमंत्रण, बैठक में हुई चर्चा

# केन्द्र में आरक्षण के लिए जाट समाज करेगा आवाज बुलंद

बेधड़क | भरतपुर



राजस्थान विधानसभा के चुनाव के बाद अब जाट समाज की ओर से केन्द्र में आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन की सुगबुगाहट शुरु हो गई है। इसको लेकर संघर्ष समिति आर-पार की लड़ाई के मूड में दिख रही है।

बुधवार को जाट आरक्षण समिति के पदाधिकारियों की बैठक में समाज की दशा और दिशा पर चर्चा के साथ ही आंदोलन की तैयारियों पर चर्चा की गई। समिति के संयोजक नेम सिंह फौजदार के निवास पर हुई पदाधिकारियों की बैठक में समिति सदस्यों ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर अब उनकी मांग नहीं मानी गई तो, समाज उग्र आंदोलन करने के लिए तैयार है। पदाधिकारियों ने बैठक में निर्णय लिया गया कि गुरुवार से समाज के लोगों में पीले चावल बांट कर निमंत्रण देंगे। इसके साथ ही 25 दिसंबर को महाराजा सूरजमल बलिदान दिवस पर जगह-जगह नुक्कड़ सभाएं आयोजित की जाएंगी। इसके बाद एक बड़ी सभा का आयोजन किया जाएगा। इसमें आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी। यदि केंद्र सरकार ने समय रहते आरक्षण नहीं दिया तो न केवल लोकसभा में जाट भाजपा के खिलाफ खड़े होंगे, बल्कि आंदोलन भी शुरु करेंगे।

### 1998 से चली आ रही है मांग

भरतपुर-धौलपुर जाट आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक नेम सिंह फौजदार ने बताया है कि भरतपुर और धौलपुर जिले के जाट समाज के लोगों को केंद्र में आरक्षण की मांग 1998 से चली आ रही है। 2013 में केंद्र की मनमोहन सरकार ने भरतपुर-धौलपुर जिलों के साथ अन्य 9 राज्यों के जाटों को केंद्र में ओबीसी का आरक्षण दिया था। जब 2014 में केंद्र में भाजपा की सरकार बनी तो सुप्रीम कोर्ट का सहारा लेकर 10 अगस्त 2015 को भरतपुर-धौलपुर के जाटों का केंद्र और राज्य में ओबीसी आरक्षण खत्म कर दिया गया। लंबे संघर्ष के बाद बाद 23 अगस्त 2017 को राज्य में दोनों जिलों के जाटों को ओबीसी में आरक्षण दिया गया। केंद्र में आरक्षण के लिए हमारी मांग तब ही से जारी है। इस बार आर-पार का संघर्ष होगा।

### पूर्व सीएम केंद्र में कर चुके हैं सिफारिश

सितंबर 2021 में जब जाट समाज ने चक्का जाम का ऐलान किया था। तब तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 28 दिसंबर 2021 को दोनों जिलों के जाटों को केंद्र की ओबीसी में आरक्षण देने के लिए केंद्र सरकार को पत्र लिखा था। इसके बाद से हम लोग दिल्ली ओबीसी कमीशन से भी मिले और केंद्र सरकार के मंत्रियों से भी मुलाकात की, लेकिन अभी तक दोनों जिलों के जाटों को केंद्र में आरक्षण नहीं दिया गया। अब राजस्थान में बीजेपी की सरकार बन गई है। केंद्र में भी बीजेपी की सरकार है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भरतपुर के रहने वाले हैं। इसलिए हम उम्मीद करते हैं कि, बिना संघर्ष करे जाट समाज को केंद्र में आरक्षण मिल जाएगा।

## जरूरी खबर

### चक्की में दौड़ा करंट, 11वीं के छात्र की मौत



**टोंक।** बिजली का करंट लगने से एक 11वीं कक्षा के छात्र की मौत हो गई। हासदे की सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन परिजनों द्वारा इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं चाहने पर वापस लौट गई। बुधवार सुबह गमगीन माहौल में छात्र का अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटना सदर थाना क्षेत्र के बबोर गांव में मंगलवार रात हुई। सदर थाना प्रभारी बृज मोहन कविया और ग्रामीणों ने बताया कि बमोर निवासी रोहित (16) पुत्र राजेश गुर्जर रात करीब आठ बजे घर पर चक्की चला रहा था। इस दौरान उसे बिजली करंट लग गया। गंभीर झुलसी हालत में परिजन उसे अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

### ब्रेल लिपि से दृष्टिबाधित छात्राएं करेंगी सुदरकांड

**कोटा।** राधाकृष्ण मंदिर समिति और विश्वमित्र जनसेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में राधाकृष्ण मंदिर तलवंडी में 24 से 30 दिसंबर तक श्रीमद्भागवत कथा भक्तिरस का आयोजन किया जाएगा। कथा दृष्टिबाधित छात्राओं की पढ़ाई और सर्वांगीण विकास में मदद के लिए आयोजित होगी। कथाव्यास राष्ट्रीय संत डॉ. कृष्णानंद कथा करेंगे। समिति के अध्यक्ष गोविंदनारायण अग्रवाल ने बताया कि कथा में छात्राएं ब्रेल लिपि से सुंदरकांड का पाठ करेंगी। दान पुण्य से होने वाली आय दृष्टि बाधित बालिकाओं के शिक्षण और व्यक्तित्व विकास पर खर्च की जाएगी।

### हिसार- तिरुपति ट्रेन रद्द, सीकर में होता है ठकराव



**सीकर।** जिले से होकर गुजरने वाली हिसार-तिरुपति-हिसार ट्रेन को रद्द किया गया है। सीकर स्टेशन पर ट्रेन का ठहराव 5 मिनट का होता है। काजीपेट और बल्लारशाह रेलखंड के बीच हसनपर्ती रोड-उप्पल स्टेशनों के बीच तीसरी लाइन डालने के लिए नॉन इंटरलॉकिंग काम के लिए ट्रेफिक ब्लॉक लिया जा रहा है। इस कारण ट्रेन को रद्द किया गया। नॉन इंटरलॉकिंग काम के कारण गाडी संख्या 09715, हिसार-तिरूपति ट्रेन 30 दिसंबर और 6 जनवरी को रद्द रहेगी। यह दोपहर 2:10 बजे हिसार से रवाना होती है।

## भारत में पहली बार इस पेशकश का गवाह बनेगा शिल्पग्राम उत्सव

# धोद ग्रुप और यारोल पॉपो रॉक स्टार का होगा लाइव कॉन्सर्ट

बेधड़क | झुंझुनूं



आठ माह का दुनिया का दौरा करके राजस्थान लौटे विश्व विख्यात कलाकार जयपुर के रहीस भारती अपने अंतरराष्ट्रीय धोद ग्रुप के साथ भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के पश्चिम क्षेत्र संस्कृति केंद्र, उदयपुर की ओर से गुरुवार से आयोजित किए जा रहे दस दिवसीय 'शिल्पग्राम उत्सव' में अपनी सम्मोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोहेंगे।

धोद ग्रुप बीते आठ माह में 115 देशों में अपनी परफोरमेंस से न सिर्फ हमारी लोक संस्कृति से तमाम देशों के कला प्रेमियों को रू-ब-रू कराकर, बल्कि उनके दिलों में भारतीय कल्चर के प्रति सम्मान को दोगुना-तिगुना करके लौटा है। विश्व विख्यात आर्टिस्ट और डायरेक्टर रहीस भारती का यह धोद ग्रुप कार्यक्रम में दो दिन परफोरमेंस देगा।

यह बैंड जहां कार्यक्रम के दौरान दूसरे दिन फ्रांस के रॉक स्टार यारोल पॉपो के साथ लाइव कॉन्सर्ट पेश करेगा, वहीं पहले दिन इंटरनेशनल जयपुर महाराजा ब्रास बैंड की शानदार प्रस्तुति देगा। दोनों बैंड के करीब 45 कलाकार परफॉर्म करेंगे। पहली मर्तबा यूरोप के साथ ही तमाम दुनिया में धूम मचा चुके फ्रांस के रॉक स्टार यारोल पॉपो को यहां बुलाया गया है। यह मेवाड़ की धरती पर पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की उम्दा सौगात है। गौरतलब है कि रहीस भारती ने 23 साल पहले इस धोद ग्रुप की शुरुआत राजस्थान के एक छोटे से गांव से की थी। वे अब तक फ्रांस, डेनमार्क, स्वीडन, एस्टोनिया, स्विटजरलैंड, नीदरलैंड, ऑस्ट्रिया, युगांडा, केन्या, बुरुंडी, तंजानिया प्रस्तुतियां दे चुके हैं। विदेशों के रॉक स्टार्स जब राजस्थानी कलाकारों के साथ धुन छेड़ते हैं तो तमाम सामयीन झूम उठते हैं।

### हमारा फोकस राजस्थान के गीत-संगीत पर: रहीस

रहीस ने बताया कि 23 साल की संगीतमय यात्रा बहुत खास रही। कई गांव-ढाणियों से खास कलाकार चुनना और उन्हें तराशकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परफॉर्म करवाना चुनौती भरा काम था। वैसे, राजस्थान के ठेठ ग्रामीण अंचलों के कलाकारों में जबरदस्त टैलेंट है, बस जरूरत है उन्हें पहचानने, तराशने और मंच प्रदान करने की। रहीस कहते हैं, हमारा पूरा फोकस राजस्थान के गीत-संगीत पर रहता है और इसी कारण वर्ल्ड लेवल पर कल्चरल एम्बेसडर ऑफ राजस्थान नाम दिया गया है।

### रहीस को मिल चुका है फ्रांस का विशेष सम्मान

रहीस भारती को हाल ही में फ्रांस गवर्नमेंट की ओर से फ्रांस के प्रतिष्ठित म्यूजिक फेस्टिवल में सम्मानित किया गया है। रहीस अब तक राजस्थान के गांव-ढाणियों से लगभग 700 कलाकारों को विदेशी धरती पर परफॉर्म करवा चुके हैं। राजस्थानी म्यूजिक को पेश करने के चलते वर्ल्ड लेवल पर इस ग्रुप को कल्चरल एम्बेसडर ऑफ राजस्थान नाम से पहचाना जाता है।

### आओजी आओ धोद प्यारा आओजी...

भारत सरकार के वेस्ट जोन कल्चरल सेंटर, उदयपुर के शिल्पग्राम में आयोजित होने वाले इस फेस्टिवल में राजस्थानी धोद ग्रुप लोक गीत 'केसरिया बालम', 'बेगा घर आओ बालम', 'आओजी आओ धोद प्यारा आओजी' जैसे गाने तबला, ढोलक, करताल, सारंगी के साथ-साथ रॉक म्यूजिक... ड्रम, गिटार के साथ पेश करेंगे। ग्रुप के डायरेक्टर रहीस भारती ने बताया कि इस उत्सव में परफॉर्म करने के लिए विशेष तौर पर आमंत्रित किया है।

## आंतें बाहर निकलने से मौत

# सब्जी बनाने की बात पर छोटे ने बड़े भाई पर किए चाकू से वार



बेधड़क | अलवर

जिले में रिश्तों के कत्ल का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। तिजारा के शाबाद गांव में हुई इस वारदात में छोटे भाई ने बड़े भाई की चाकू हमला कर हत्या कर दी। आरोपी ने मांस काटने वाला चाकू युवक के पेट में तीन बार घोंपा, जिससे उसकी आंते बाहर आ गई।

बताया जा रहा है कि मामूली कहासुनी के बाद बात मारपीट तक पहुंच गई और फिर आरोपी ने बड़े भाई का कत्ल कर दिया। गांव के लोग झगड़े में बीच-बचाव करने आए तो आरोपी ने उन्हें भी चाकू मार दिए। यह घटना मंगलवार देर शाम की है। पुलिस ने बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं घटना के बाद आरोपी फरार हो गया है। परिजनों ने बताया कि मृतक युवक सहित वे तीन भाई हैं। सबसे बड़ा भाई अमिचंद (29) और सबसे छोटा जगदीश (25) है। मृतक भुड्डन (27) दूसरे नंबर का है। मृतक भुड्डन व आरोपी जगदीश दोनों अविवाहित हैं। तीनों भाई मजूदरी करते है। मंगलवार को भड्डन सब्जी बनाने के लिए मांस लेकर आया था। उसने घर आकर छोटे भाई जगदीश को सब्जी बनाने को कहा तो जगदीश ने मना कर दिया। इसी बात पर दोनों के बीच झगड़ा हो गया। बीच-बचाव करने मां आई तो जगदीश ने उसे भी धक्का मार दिया।

मामला बढ़ता देख आस-पास के लोग भी आ पहुंचे, लेकिन झगड़ा शांत नहीं हुआ। आखिर में जगदीश घर के अंदर गया और मांस काटने वाले बड़ा चाकू लेकर आया। बाहर आते ही उसने बड़े भाई भड्डन के पेट में 3 बार चाकू घोंप दिया। चाकू बड़ा होने के कारण भड्डन की आंतें बाहर गई। परिजन उसे तुरंत अस्पताल लेकर गए, लेकिन रात को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं आरोपी जगदीश वारदात के बाद फरार हो गया।

## न्यायिक कार्यों का बहिष्कार, कार्रवाई की मांग

# ईओ के खिलाफ वकीलों में रोष

बेधड़क | अजमेर



राजस्व मंडल सहित अन्य निचली अदालतों में बुधवार को न्यायिक कार्य स्थगित रखा गया। इससे सभी काम काज ठप रहे और पक्षकारों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पुष्कर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी बनवारी लाल मीणा की ओर से एडवोकेट के साथ की गई बदसलूकी को लेकर वकीलों ने आक्रोश जताया और जिला कलेक्टर से अधिशासी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। राजस्व बार अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बराड़ ने बताया कि वकील सीपी पराशर और सूरज मेहरा पुष्कर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी बनवारी लाल मीणा द्वारा पक्षकार को दिए गए नोटिस का जवाब देने के लिए गए थे। जहां ईओ बनवारी लाल ने एडवोकेट के वकालतनामे को फेंक दिया और उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। इसको लेकर वकीलों में खासी नाराजगी है।

## नाकाबंदी के दौरान मुठभेड़, अंधेरे का फायदा उठा आरोपी फरार

# पुलिस और तस्करों के बीच चली गोलियां

बेधड़क | उदयपुर



जिले में बुधवार देर रात गोगुंदा इलाके में हथनियावल परशुराम चौराहे पर नाकाबंदी के दौरान पुलिस और डोडा पोस्त तस्करों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस तस्करों की एसयूवी कार को रुकवाने का प्रयास किया तो आरोपी पुलिस की बोलेरो को टक्कर मारकर भागने लगे। भागते हुए उन्होंने पुलिस पर फायर किए। जबाव में पुलिस ने भी फायरिंग की। उदयपुर एसपी भुवन भूषण यादव ने बताया कि मंगलवार रात को गोगुंदा थानाधिकारी शैतान सिंह थाने पुलिस टीम के साथ रात करीब 11 बजे से नाकेबंदी पर थे। इस दौरान बरवाड़ा की ओर से आ रही एक सफेद रंग की एसयूवी कार को पुलिसकर्मियों ने रुकवाया तो ड्राइवर ने कार को तेज भगाने का प्रयास किया। ऐसे में पुलिस ने अपनी बोलेरो को सामने लगाकर रास्ता रोक दिया। इस बीच कार चालक ने भागने के चक्कर में बोलेरो को टक्कर मार दी। इसमें कार का बोनट बोलेरो में फंस गया। इसके बाद दोनों ही तस्कर कार से उतरकर भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो एक तस्कर ने फायरिंग कर दी। लेकिन, अंधेरे का फायदा उठाते हुए दोनों तस्कर भाग निकले। पुलिस ने आस-पास के क्षेत्र में तलाशी ली, लेकिन आरोपी नहीं मिले। पूरा घटनाक्रम रात करीब चार बजे तक चला। बाद में पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमें 16 कट्टों में 296 किलो 200 ग्राम डोडा चूरा भरा मिला।

## झुंझुनूं में दिखा तेज रफ्तार का कहर

# ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार दो दोस्तों की मौत

बेधड़क | झुंझुनूं

जिले में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। बुधवार देर रात हुए हादसे में ट्रेलर ने बाइक सवार दो दोस्तों को कुचल दिया। हादसे में दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं आरोपी चालक दुर्घटना स्थल से करीब 15 किलोमीटर दूर ट्रेलर को छोड़कर फरार हो गया। हादसा झुंझुनूं के मुकुंदगढ़ थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम करीब 7 बजे हुआ। मुकुंदगढ़ थाना एएसआई सकेंद्र सिंह ने बताया कि यह हादसा मंडी लक्ष्मणगढ़ रोड पर पोरवाल सर्किल पर हुआ। ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों की शिनाख्त रंजन (28) पुत्र राम प्रताप रोलन निवासी जांटवाली लक्ष्मणगढ और अंकित (29) पुत्र जयप्रकाश निवासी ढाका का बस तेतरा मंडावा है। दोनों मृतक आपस में दोस्त थे और बीएड इंटर्नशिप के डॉक्युमेंट स्कूल में जमा करवाने के बाद घर लौट रहे थे।

जानकारी के अनुसार, पोरवाल सर्किल से बाइक पर सवार दोनों दोस्त सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान ट्रेलर अनियंत्रित होकर बाइक सवार दोनों दोस्त को रौंदते हुए आगे बढ़ गया। सड़क पर तेज आवाज सुन लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक ड्राइवर वाहन को लेकर फरार हो चुका था।



**ट्रेलर जब्त, चालक की तलाश**

पुलिस ने दोनों मृतकों का मुकुंदगढ़ सीएचसी की मोर्चरी में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं हादसे के बाद पुलिस ने नाकेबंदी करवाकर ढिगाल के पास टोल बूथ से आगे से ट्रेलर को जब्त कर लिया। ड्राइवर यहां ट्रेलर को छोड़कर फरार हो गया, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

### निजी कॉलेज में बीएड छात्र थे दोनों युवा

दोनों दोस्तों की मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि रंजन और अंकित दोनों दोस्त थे। दोनों ही मुकुंदगढ़ के निजी कॉलेज में बीएड कर रहे थे। मंगलवार दोपहर को लक्ष्मणगढ़ में कोका की ढाणी स्थित सरकारी स्कूल में बीएड के इंटर्नशिप के लिए डॉक्युमेंट जमा करवाने गए थे। वहां से लौटते समय दोनों हादसे का शिकार हो गए। दोनों छात्रों की हादसे में मौत की खबर सुनकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। हादसे के बाद दोनों के परिवार में मातम पसर गया।

## नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई

# 301 किलो डोडा-पोस्त जब्त, तस्कर गिरफ्तार

बेधड़क | अजमेर



ब्यावर जिले की बिजयनगर थाना पुलिस ने नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नशे की बड़ी खेप पकड़ी है। पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर 301 किलो 300 ग्राम डोडा-पोस्त बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से स्कॉर्पियो और ट्रैक्टर ट्रॉली भी जब्त की है। पुलिस के अनुसार, जब्त किए गए मादक पदार्थ की कीमत करीब 15 लाख रुपए है। बिजयनगर थाना पुलिस ने बताया कि टीम को सूचना मिली कि गांव सूतीखेड़ा मोड़ के पास एक स्कॉर्पियो कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। वहीं पुलिस आस-पास के लोगों और मुखबिर से जानकारी मिली की एक व्यक्ति दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियों से कुछ निकालकर ट्रैक्टर ट्रॉली में लेकर गया है। इस दौरान पुलिस को सूतीखेड़ा से जालिया की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते पर ट्रेलर ट्रॉली लेकर एक व्यक्ति को पुलिस ने रोक लिया। ट्रैक्टर चालक चौथमल गुर्जर को बताया कि उनकी गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया है और पुलिस कभी भी आ जाएगी तो उन्हें पकड़ लेगी। ऐसे में इस माल को कहीं भी छुपा दो। पुलिस ने सूतीखेड़ा निवासी आरोपी चौथमल गुर्जर उर्फ धर्मीचंद गुर्जर (42) को गिरफ्तार कर लिया।

**सेलिब्रेशन: भारतीय विद्या भवन विद्याश्रम का 39वां वार्षिकोत्सव**

# स्टूडेंट्स ने नृत्य से जीवंत किए प्रकृति के असल मायने

**बेधड़क** | जयपुर

'वसंत मनुष्य के मन में भी आता है। मानव मन का अपना वसंत होता है। मन के मौसम का वसंत एक भावनात्मक अभिव्यक्ति है जो जीवन को निराशा, अभाव और कष्टों में भी मुस्कुराना सिखाती है।'

कुछ ऐसी ही अभिव्यक्ति से सराबोर था बुधवार को आयोजित भारतीय विद्या भवन विद्याश्रम स्कूल का 39वां वार्षिकोत्सव। महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने नृत्य नाटिका में प्रकृति की सुन्दरता को फ्लॉवर डांस के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रकृति पर आधारित संस्कृत श्लोकों पर भी नृत्य की प्रस्तुति दी गई, अलग-अलग ऋतुओं पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किए गए। इन सभी नृत्यों में मानव मन के भीतर समाए वासंती भावों को अलग अलग अंदाज में जीवंत किया गया। इससे पहले स्टूडेंट्स ने बैंड वादन व मंत्रोच्चार के साथ अतिथियों का स्वागत किया। राजस्थान सरकार के वित्त सचिव केके पाठक समारोह के मुख्य अतिथि थे। अध्यक्षता भारतीय विद्या भवन जयपुर केन्द्र के अध्यक्ष विमल चन्द सुराणा ने की।



### तबला वादन से की गणेश स्तुति

इस मौके पर विद्यार्थियों ने गणेश स्तुति को तबला वाद्य यंत्रों के माध्यम से ताल दादरा और कहरवा ताल के मिश्रण को साकार किया।
कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नृत्य नाटिका 'मन के मौसम' रही। इसमें छह ऋतुओं का वर्णन करके वसंत को जीवन के साथ साकार किया गया। इससे पूर्व विद्यार्थियों ने सर्वधर्म प्रार्थना प्रस्तुत की जिसमें सभी धर्मों के महत्त्व, समत्व भाव, धार्मिक उदारता, सहिष्णुता एवं शान्ति की भावना को प्रदर्शित किया गया। प्राचार्या प्रीति सांगवान ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।



### परिधि शर्मा हुई सम्मानित

सीबीएसई की 12th बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सब्जेक्ट टॉपर बनने पर परिधि शर्मा को सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट से सम्मानित किया। मुख्य अतिथि डॉ. केके पाठक ने परिधि शर्मा को सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट ट्रॉफी प्रदान की।



## Yuva स्टोरीज

### MCNUJ और HJU करेंगे एक दूसरे का सहयोग



### दोनों विवि में हुआ एमओयू

**बेधड़क** | जयपुर

सार्वजनिक क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थान हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय एवं माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय ने बुधवार को शिक्षा, अनुसंधान और प्रशिक्षण को संयुक्त रूप से बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। शिक्षा संकुल में हरिदेव जोशी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. डॉ. सुधि राजीव और माखनलाल विश्वविद्यालय के समकक्ष प्रो. डॉ. केजी सुरेश ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर एचजेयू की कुलपति प्रो. सुधी राजीव ने कहा कि तकनीकी-संचालित युग में मीडिया के सामने सबसे बड़ा कार्य लोकतंत्र, तर्क और स्वतंत्रता को मजबूत करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि दोनों विश्वविद्यालय बुनियादी मूल्यों को बनाए रखने के लिए सहयोग कर रहे हैं और इस संबंध में प्रशिक्षण आयोजित करेंगे।

प्रो. सुरेश ने कहा कि यह एमओयू मीडिया शिक्षा में एक मील का पत्थर साबित होगा। हम साथ मिलकर पूरे भारत में मीडिया शिक्षा के लिए नए मानक स्थापित करेंगे।

### पाठ्यक्रम की गुणवत्ता में होगी वृद्धि

एमओयू के अनुसार, दोनों पक्ष सैद्धांतिक रूप से सहमत हुए कि आपसी हितों के क्षेत्र में शिक्षण और अनुसंधान में उनकी गतिविधियों से संबंधित जानकारी के आदान-प्रदान में सहयोग करेंगे। वे कौशल शिक्षा और सामान्य शिक्षा के लिए पाठ्यक्रम विकास में सहयोग करने पर सहमत हुए हैं। सुविधाओं तक एक दूसरे विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की पहुंच, समान शैक्षणिक उद्देश्य और लघु पाठ्यक्रम संचालित करने पर दोनों विवि राजी हुए। संयुक्त शिक्षण, अनुसंधान और सांस्कृतिक गतिविधियां चलाने पर भी सहमति बनी है। एमओयू ने संस्थानों के बीच संकाय, विद्वानों और छात्रों की गतिशीलता को सुविधाजनक बनाने की बात कही है। साथ ही स्टाफ के व्यावसायिक विकास के लिए संयुक्त प्रयास होंगे। शैक्षिक सामग्री एवं संसाधनों के आदान-प्रदान अथवा निर्माण के प्रयास भी किए जायेंगे। सेमिनार एवं शैक्षणिक बैठकों में भागीदारी के प्रयास पर भी दोनों पक्षों में सहमति बनी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

**स्मार्ट इंडिया हैकथॉन फिनाले में जुटे स्टूडेंट्स**

# यूथ को मोदी मंत्र: ऐसा काम करो कि दुनिया फॉलो करे



**बेधड़क** | जयपुर

देशभर में चल रहे स्मार्ट इंडिया हैकथॉन-2023 के फाइनल मुकाबले के लिए जयपुर के तीन कॉलेजों में जुटे इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स ने अपनी टैक्नीकल स्किल्स का प्रदर्शन किया। मणिपाल विश्वविद्यालय, एसकेआईटी व पूर्णिमा इंस्टीट्यूट में हुए फाइनल मुकाबले में करीब 90 टीमों के साढ़े पांच सौ से ज्यादा स्टूडेंट्स ने अपनी स्किल्स दिखाईं।

बुधवार को फाइनल मुकाबले के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए यंग इनोवेटर्स से रू-ब-रू हुए। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति स्मार्ट इंडिया हैकथॉन के माध्यम से देश को समाधान रूपी अमृत उपलब्ध करवा रही है।

उन्होने युवाओं से समस्याओं का समाधान निकालते समय विकसित भारत का संकल्प ध्यान में रखने को कहा और अपील की कि आप जो भी करें वह सर्वोत्तम हो और ऐसा काम हो जिसे पूरी दुनिया फॉलो करे।

गौरतलब है कि स्मार्ट इंडिया हैकथॉन के फाइनल के लिए देश में 48 नोडल सेंटर्स बनाए गए थे जिनमें एक साथ मुकाबले आयोजित हुए। 36 घंटे लगातार चले फिनाले में प्रतिभागियों ने विभिन्न समस्याओं के सॉफ्टवेयर सोल्यूशन्स पर काम किया। हर कैटेगरी में विजेता टीम को एक-एक लाख रुपए का नगद पुरस्कार दिया गया।



### विकसित भारत@2047 से जुड़ें छात्र

मणिपाल विश्वविद्यालय में फाइनल देश के अलग अलग राज्यों से आई 30 टीमों के करीब 180 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में संभागीय आयुक्त जयपुर डॉ. आरुषि मलिक एवं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की डिप्टी कमिश्नर रिचा शर्मा उपस्थित रहीं। संभागीय आयुक्त मलिक ने प्रतिभागियों को सफलता का मंत्र दिया। विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति कोमोडोर जवाहर जांगिड़ ने सभी प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय के बारे में बताया। उन्होंने बौद्धिक संपदा की महत्ता बताते हुए छात्रों से केंद्र सरकार के विकसित भारत@2047 संकल्प से जुड़ने का आह्वान किया। प्रतियोगिता में गुजरात सरकार एवं झारखंड सरकार के द्वारा दी गई रीयल टाइम प्रॉब्लम्स के लिए सभी प्रतिभागियों ने सॉफ्टवेयर समाधान ढूंढे।

### विजेता हुए पुरस्कृत

पूर्णिमा इंस्टीट्यूट में सोफ्टसर्व इंक के संस्थापक मनोज पिपरसानिया समापन समारोह के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने तकनीकी समाधान प्रस्तुत करने वाले सभी प्रतिभागियों को मोटिवेट कर उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। उन्होंने हैकथॉन में वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के इनोवेटिव समाधान प्रस्तुत करने वाली पांच विजेता टीमों को पुरस्कृत किया। इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर डॉ. दिनेश गोयल ने कहा कि हैकथॉन की प्रतिभागी टीमों ने भारत के विभिन्न प्रतिष्ठित कॉलेजों का प्रतिनिधित्व किया, जो इस भव्य आयोजन की विविधता और प्रतिभा को साफ दर्शाता है। हैकथॉन-2023 देशभर के स्टूडेंट्स के लिए सॉफ्टवेयर इनोवेशन व प्रॉब्लम सॉल्विंग का मंच साबित हुआ है।

## रावत स्कूल की टीम रही सेकंड रनर अप




**बेधड़क** | जयपुर

रावत पब्लिक स्कूल प्रताप नगर के विद्यार्थी 'रीजनल लेवल रेड रिबन स्कूल क्विज कांटेस्ट' में सेकंड रनर अप रहे हैं। क्विज का आयोजन देहरादून में किया गया जिसमें देश के 9 राज्यों उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, राजस्थान, दिल्ली और उत्तरप्रदेश की टीमों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीजी डायरेक्टरेट ऑफ मेडिकल हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर उत्तराखंड डॉ. विनीता शाह मौजूद रहीं। क्विज में विद्यार्थियों से एचआइवी एड्स, एसटीआइ, ब्लड डोनेशन और अन्य स्वास्थ्य संबंधित टॉपिक्स पर प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता में उत्तराखंड की टीम प्रथम, जम्मू कश्मीर की टीम द्वितीय और राजस्थान की टीम तृतीय रही। राजस्थान की टीम का नेतृत्व रावत पब्लिक स्कूल प्रताप नगर ने किया। रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक नरेंद्र सिंह रावत ने विजेताओं को ट्रॉफी और 20 हजार का चेक प्राप्त करने पर बधाई दी। विद्यालय की प्राचार्या मैत्रेयी शुक्ला ने टीम की उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी।

## मेंटर विक्रम शर्मा ने दिए एंटरप्रेन्योरशिप के टिप्स

**जयपुर।** देश के जाने-माने बिजनेस कोच और स्टार्टअप मेंटर विक्रम शर्मा ने आईआईएस स्कूल के बच्चों को टेड -एक्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से एंटरप्रेन्योर बनने के लिए प्रोत्साहित किया।

'एन्विजनिंग टुमारो' थीम पर आयोजित टेड एक्स में विक्रम शर्मा ने बच्चों को एक नए कॅरियर ऑप्शन के तौर पर एंटरप्रेन्योरशिप लर्निंग्स पर फोकस करने के साथ-साथ फाइनेंशियल मैनेजमेंट, कम्युनिकेशन स्किल्स और प्रोफेशनल नेटवर्किंग के महत्व के बारे में बताया।



पुरातन भारत की गुरुकुल पद्धति को समझाते हुए विक्रम ने एक स्टूडेंट के जीवन में किताबी ज्ञान से ज्यादा उसके समग्र विकास पर जोर देने को अधिक जरूरी बताया। कार्यक्रम के अन्य स्पीकर्स में परेश गुप्ता, प्रतीक शर्मा, शिखि शर्मा, सर्वज्ञ कुलश्रेष्ठ और जॉय अग्रवाल शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में आईआईएस समूह के संस्थापक डॉ. अशोक गुप्ता ने स्पीकर्स को सम्मानित कर आभार जताया।

## विचार-मंथन में जुटे 30 व्याख्याता



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग में बुधवार को विचार-मंथन सत्र का आयोजन किया गया। एनईपी-2020 के अनुसार बीए (गृह विज्ञान) पाठ्यक्रम के उन्नयन पर चर्चा के लिए आयोजित विचार मंथन सत्र में विभिन्न निजी एवं सरकारी कॉलेजों में पढ़ाने वाले गृह विज्ञान के 30 व्याख्याताओं ने भाग लिया।

सत्र में विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता अग्रवाल ने सभी का स्वागत किया एवं बीओएस कन्वीनर प्रो. रूबी जैन ने विचार-मंथन सत्र के बारे में जानकारी दी। प्रो. कनिका वर्मा ने सभी से सुझाव लेते हुए सत्र को आगे बढ़ाया। प्रो. शुभा दुबे और प्रो. रेशमा बूलचंदानी भी सत्र में शामिल हुए। सत्र के दौरान विचार-विमर्श और चर्चा के दौरान सामने आए सुझावों को पाठ्यक्रम निर्माण में काम लिया जाएगा।

**आयोजन** | **सीडलिंग ग्रुप ऑफ स्कूल्स का स्पोर्ट्स डे**

# बच्चों ने खेल-खेल में बिखेरे टैलेंट के जोशीले रंग

**बेधड़क** | जयपुर

सीडलिंग ग्रुप ऑफ स्कूल्स में क्रिसमस कॉर्निवल थीम पर आयोजित स्पोर्ट्स डे में स्टूडेंट्स ने अपनी प्रतिभा के रंग बिखेरे। करीब 1500 स्टूडेंट्स की मौजूदगी सैकड़ों प्रतिभागी स्टूडेंट्स ने अपनी प्रतिभा से हर किसी का दिल जीत लिया।

बच्चों ने मनोरंजक कार्यक्रमों के साथ ही समाज के लिए संदेश भी दिए। क्रिसमस के रंग में रंगे कार्यक्रम में सांता क्लॉज के साथ बच्चों ने जमकर मस्ती की। कार्यक्रम की शुरुआत मशाल प्रज्वलित कर व गुब्बारे उड़ाकर की गई। मुख्य अतिथि आईएएस शैली किशनानी का स्वागत ग्रुप की निदेशक डॉ. प्रीति बक्शी ने किया। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, उदारता, भ्रातृत्व, स्नेह व बन्धुत्व के भाव तो विकसित करते ही हैं साथ में उसका सर्वांगीण विकास करने में भी सहायक सिद्ध होते हैं।





### मार्च पास्ट से बांधा समां

सीडलिंग पब्लिक स्कूल तथा सीडलिंग इन्टरनेशनल एकेडमी के विद्यार्थियों ने जब कदम से कदम मिलाते हुए बैण्ड के साथ मार्चपास्ट कर समां बांध दिया। इस अवसर पर छात्रों ने सामूहिक व्यायाम, कराटे, ऐरोबिक्स आदि का प्रदर्शन किया। लम्बी कूद, गोला फेंक, बाधा दौड़, 100 मीटर व 200 मीटर की दौड़ के साथ खिलाड़ियों ने खेलों का भी प्रदर्शन कर अनेक पदक प्राप्त किए। सीडलिंग विद्यालय समूह के कार्यकारी निदेशक डॉ. संदीप बक्शी ने कहा कि जीवन के सभी सुख-सौन्दर्य व आनन्द स्वस्थ होने पर ही मिलते हैं। हमारे विद्यार्थी स्वस्थ रहें तथा उनमें हार-जीत की भावना से ऊपर उठकर समरसतो के भाव जागें, इसलिए हम समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते हैं।

# भूला बिसरा क्रांतिकारी और उसके साहसिक कारनामे



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

देश की आज़ादी कई धाराओं, संगठन और व्यक्तियों की अथक कोशिशों और क़ुर्बानियों का नतीजा है। ग़ुलाम भारत में महात्मा गांधी के अंहिसक आंदोलन के अलावा एक क्रांतिकारी धारा भी थी, जिससे जुड़े क्रांतिकारियों को लगता था कि अंग्रेज़ हुक्मरानों के आगे हाथ जोड़कर, गिड़गिड़ाने और सविनय अवज्ञा जैसे आंदोलनों से देश को आज़ादी नहीं मिलने वाली, इसके लिए उन्हें लंबा संघर्ष करना होगा और ज़रूरत के मुताबिक हर मुमकिन क़ुर्बानी भी देनी होगी। क्रांतिवीर गेंदालाल दीक्षित ऐसे ही एक जांबाज़ क्रांतिकारी थे, जिन्होंने अपने साहसिक कारनामों से उस वक़्त की अंग्रेजी हुकूमत को हिलाकर रख दिया था। गेंदालाल दीक्षित, क्रांतिकारी दल 'मातृवेदी' के कमांडर-इन-चीफ़ थे और एक वक़्त उन्होंने देश के अलग-अलग हिस्सों में काम कर रहे क्रांतिकारियों रासबिहारी बोस, विष्णु गणेश पिंगले, करतार सिंह सराभा, शचीन्द्रनाथ सान्याल, प्रताप सिंह बारहठ, बाघा जतिन आदि के साथ मिलकर, ब्रिटिश सत्ता के ख़िलाफ़ उत्तर भारत में सशस्त्र क्रांति की पूरी तैयारी कर ली थी, लेकिन अपने ही एक साथी की गद्दारी की वजह से उनकी सारी योजना पर पानी फिर गया और अनेक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अंग्रेज़ी हुकूमत के ख़िलाफ़ बग़ावत करने के इल्ज़ाम में फांसी पर चढ़ा दिए गए, सैकड़ों को काला पानी जैसे यातनागृहों में कठोर सज़ाएं हुईं।

30 नवम्बर,1890 को चंबल घाटी के भदावर राज्य आगरा के अंतर्गत बटेश्वर के पास एक छोटे से गांव मई में जन्मे महान क्रांतिकारी पं. गेंदालाल दीक्षित ने साल 1916 में चंबल के बीहड़ में 'मातृवेदी' दल की स्थापना की थी। 'मातृवेदी' दल से पहले उन्होंने एक और संगठन 'शिवाजी समिति' का गठन किया था और इस संगठन का भी काम नौजवानों में देश प्रेम की भावना को जागृत करना और उन्हें क्रांति के लिए तैयार करना था। आगे चलकर ब्रह्मचारी लक्ष्मणानंद और बाग़ी सरदार पंचम सिंह के साथ मिलकर, उन्होंने 'मातृवेदी' दल बनाया। जिसमें बाद में प्रसिद्ध क्रांतिकारी राम प्रसाद 'बिस्मिल', देवनारायण भारतीय, श्रीकृष्णदत्त पालीवाल, शिवचरण लाल शर्मा भी शामिल हुए। 'मातृवेदी' दल ने ही राम प्रसाद 'बिस्मिल' को सैन्य प्रशिक्षण दिया था। बिस्मिल ने गेंदालाल दीक्षित के प्रमुख सहायक कार्यकर्ता के तौर पर भी काम किया। गेंदालाल दीक्षित का कल्पनाशील नेतृत्व और अद्भुत सांगठनिक क्षमता का ही परिणाम था कि एक समय 'मातृवेदी' दल में दो हज़ार पैदल सैनिक के अलावा पांच सौ घुड़सवार थे। सबसे दिलचस्प बात यह है कि 'मातृवेदी' दल की केन्द्रीय समिति में चंबल के तीस बाग़ी सरदारों को भी जगह मिली हुई थी। क्रांतिकारी रास बिहारी बोस ने इस संगठन की तारीफ़ करते हुए लिखा था,''संयुक्त प्रांत का संगठन भारत के सब प्रांतों से उत्तम, सुसंगठित तथा सुव्यवस्थित था। क्रांति के लिए जितने अच्छे रूप में इस प्रांत ने तैयारी कर ली थी, उतनी किसी अन्य प्रांत ने नहीं की थी।'' आगे चलकर 'मातृवेदी', संयुक्त प्रांत के सबसे बड़े गुप्त क्रांतिकारी संगठन के रूप में विख्यात हुआ। संगठन में शामिल सैनिकों को देश के लिए मर मिटने की शपथ लेना पड़ती थी। 'भाइयों आगे बढ़ो, फ़ोर्ट विलियम छीन लो/ जितने भी अंग्रेज़ सारे, उनको एक-एक बीन लो।' यह नारा क्रांतिकारियों में एक नया जोश जगाता था।

**अमर शहीद गेंदालाल दीक्षित का शहादत दिवस आज**



> *'मातृवेदी' दल ने ही राम प्रसाद 'बिस्मिल' को सैन्य प्रशिक्षण दिया था। बिस्मिल ने गेंदालाल दीक्षित के प्रमुख सहायक कार्यकर्ता के तौर पर भी काम किया।*

महान क्रांतिकारी गेंदालाल दीक्षित की छोटी सी ज़िंदगानी काफ़ी तूफ़ानी और रोमांचकारी रही। 'मातृवेदी' संगठन से नौजवानों को जोड़ने के लिए उन्होंने संयुक्त प्रांत के कई शहरों का दौरा किया। देशी सामंतों और सरमायेदारों के यहां डाका डालकर, संगठन के लिए उन्होंने ज़रूरी पैसा इकट्ठा किया। देश के अलग-अलग हिस्सों में आज़ादी के लिए काम कर रहे अंतरप्रांतीय संगठनों और उनके नेताओं में जिसमें गेंदालाल दीक्षित भी शामिल थे, ने आख़िरकार क्रांति की एक तारीख़ 21 फरवरी, 1915 मुक़र्रर की। इस क्रांति में राजस्थान के ख़ारवा रियासत से 10 हजार सैनिकों का साथ मिलना भी तय हो गया था, लेकिन एक भेदिए की वजह से क्रांति की सारी योजना नाकाम हो गई। तयशुदा तारीख से दो दिन पहले पंजाब पुलिस को इस बग़ावत का मालूम चल गया। अंग्रेज़ हुकूमत ने दमन चक्र चलाते हुए कई क्रांतिकारियों की धरपकड़ की। उन्हें कठोर सज़ाएं सुनाने से लेकर फांसी पर लटका दिया गया। इस नाकाम क्रांति के बाद भी गेंदालाल दीक्षित ने हिम्मत नहीं हारी। वे सिंगापुर गए और ग़दर पार्टी के नेताओं के साथ मिलकर, फिर ब्रिटिश हुकूमत के ख़िलाफ़ रणनीति बनाई। बर्मा और संघाई जाकर वहां काम कर रहे क्रांतिकारी संगठनों से देश की आज़ादी के लिए समर्थन मांगा। गेंदालाल दीक्षित के जिस्म में जब तलक जान रही,आज़ादी का ख़्वाब देखते रहे। अंग्रेज़ हुकूमत के शिकंजे से एक बार छूटे, तो फिर उनके हाथ नहीं आए। महज़ तीस साल की छोटी सी उम्र में 21 दिसम्बर, 1920 को गेंदालाल दीक्षित की शहादत हुई। उनकी शहादत के कई साल बाद तक अंग्रेज़ हुकूमत उनके कारनामों से ख़ौफ़ज़दा रही। सरकार को यक़ीन ही नहीं था कि गेंदालाल दीक्षित अब इस दुनिया में नहीं हैं। चंबल फाउंडेशन से प्रकाशित 'कमांडर-इन-चीफ़ गेंदालाल दीक्षित' लेखक-पत्रकार-सोशल एक्टिविस्ट शाह आलम की एक ऐसी किताब है, जिसमें उन्होंने देश की आज़ादी के लिए संघर्ष करने वाले इस महान योद्धा के संघर्षमय जीवन की झलकियां पेश की हैं, जिसे हमारी सरकारों ने तो बिसरा ही दिया है, नई पीढ़ी भी नहीं जानती कि क्रांतिकारी गेंदालाल दीक्षित का देश की आज़ादी में क्या योगदान है?

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## विरोधियों के गंभीर आरोपों के बावजूद आमजन का मिला अपार स्नेह

# सपने साकार करता मोदी का सुशासन



डॉ. सौरभ मालवीय
राजनीतिक विश्लेषक

प्रधानमंत्री के रूप में श्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल के दस वर्ष पूर्ण होने वाले हैं। उन्होंने 26 मई, 2014 को प्रथम बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के पश्चात घोषणा की थी कि उनकी सरकार जनहित के लिए तथा अन्तयोदय के लिए कार्य करेगी। उन्होंने अपनी घोषणा में जो शब्द कहे, उस पर वह शत-प्रतिशत खरे सिद्ध हुए। उनके अब तक के संपूर्ण कार्यकाल पर दृष्टि डालें तो यह सेवा एवं सुशासन पर ही केन्द्रित रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि सुशासन राष्ट्र की प्रगति के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

हमारा मंत्र, उद्देश्य व सिद्धांत नागरिकों को प्राथमिकता देने का है। मेरा सपना सरकार को लोगों के समीप लाने का है, ताकि वे प्रशासनिक प्रक्रिया के सक्रिय भागीदार बन सकें। सरकारी कामकाज की प्रक्रिया को आसान कर आसानी से सुशासन सुनिश्चित किया जा सकता है। उनका कहना है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और यहां के नागरिक शासन का हिस्सा बनने के लिए अत्यधिक उत्साहित हैं। एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में, निर्णय लेने की प्रक्रिया में नागरिकों की भागीदारी होना बहुत महत्वपूर्ण घटक है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के शासन में किए गए विभिन्न पहलों और सुधारों के बारे में लिखते रहते हैं। उनके शब्दों में- "130 करोड़ भारतीयों ने फैसला किया है कि वे भारत को आत्मानिर्भर बनाएंगे। आत्मनिर्भरता पर हमारा जोर, वैश्विक समृद्धि में योगदान करने की दृष्टि से प्रेरित है। हमारी सरकार एक ऐसी सरकार है, जो प्रत्येक भारतीय का ध्यान रखती है और उसके लिए चिंतित रहती है। हम लोक-केंद्रित और मानवीय दृष्टिकोण से प्रेरित हैं। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र से प्रेरित होकर हमारी सरकार ने लोक-समर्थक शासन को बढ़ावा देने के लिए कई प्रयास किए हैं, जो गरीबों, युवाओं, किसानों, महिलाओं और वंचित समुदाय की मदद करते हैं।"

> *जनधन योजना के अंतर्गत लोगों के 48.27 करोड़ खाते खोलकर उन्हें वित्तीय सेवाओं से जोड़ा गया। सुखद बात है कि इनमें से लगभग 26.54 करोड़ खाते महिलाओं के खोले गए। इस प्रकार महिलाओं को वित्तीय अधिकार प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त 133 करोड़ लोगों के आधार को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण से जोड़ा गया तथा उन्हें लगभग 25 लाख करोड़ रुपए की धनराशि वितरित की गई।*



वास्तव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अन्तयोदय के मूल तत्वों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। इस समयावधि में उन्होंने विश्वभर के अनेक देशों में यात्राएं करके उनसे संबंध प्रगाढ़ बनाने का प्रयास किया है। इससे विश्व के अनेक देशों के साथ भारत के संबंध बेहतर हुए तथा उनके साथ अनेक रक्षा एवं व्यापारिक समझौते भी हुए।

उन्होंने देश में लोगों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक विकास के लिए अनेक जनकल्याण की योजनाएं प्रारम्भ की हैं। मोदी सरकार ने विकास का नारा दिया तथा विकास को ही प्राथमिकता दी। विगत लगभग दो दशकों में जिस प्रकार प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देश के सभी वर्गों के लिए बिना किसी पक्षपात के कार्य किया है, उससे जनता के मध्य एक सकारात्मक संदेश गया है। विपक्षी दल आरंभ से ही भारतीय जनता पार्टी के प्रति लोगों के मन में विष घोलने का कार्य करते आए हैं। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के शीर्ष नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी विशेषकर नरेंद्र मोदी पर गंभीर आरोप लगाए। किन्तु जनता ने भारतीय जनता पार्टी को अपना अपार जनसमर्थन दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जनसाधारण का विश्वास, समर्थन एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ। परिणामस्वरूप जनता ने केंद्र की कांग्रेस सरकार को सत्ता विहीन करके भारतीय जनता पार्टी को केंद्र की बागडौर सौंप दी। नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तथा उन्होंने जनकल्याण के कार्यों की गंगा प्रवाहित कर दी। इसका परिणाम भी उत्साहजनक रहा। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में जनता ने भारतीय जनता पार्टी को सराहनीय बहुमत दिलाया। इस बार भी नरेंद्र मोदी ही देश के प्रधानमंत्री बने। उन्होंने अपने जनकल्याण के कार्यों की गति को और अधिक तीव्र कर दिया। उनके कार्यों की देश ही नहीं, अपितु विश्वभर में सराहना होने लगी।

विगत मई में अपने कार्यकाल के नौ वर्ष पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पुस्तिका भी जारी की थी, जिसमें सरकार द्वारा करवाए गए जनकल्याणकारी कार्यों का लेखा- जोखा था। इसके अनुसार सरकार ने देश के 80 करोड़ लोगों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करवाई। जनधन योजना के अंतर्गत लोगों के 48.27 करोड़ खाते खोलकर उन्हें वित्तीय सेवाओं से जोड़ा गया। सुखद बात है कि इनमें से लगभग 26.54 करोड़ खाते महिलाओं के खोले गए। इस प्रकार महिलाओं को वित्तीय अधिकार प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त 133 करोड़ लोगों के आधार को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण से जोड़ा गया था तथा उन्हें लगभग 25 लाख करोड़ रुपए की धनराशि वितरित की गई।

बेघर लोगों के लिए ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत 2.5 करोड़ आवासों का निर्माण करवाया गया। विशेष बात यह है कि इन आवासों में से लगभग 70 प्रतिशत में महिलाओं का नाम है अर्थात किसी में वे स्वयं स्वामी हैं तथा किसी में उनकी भागीदारी संयुक्त रूप से सम्मिलित है। इससे महिलाओं को सम्मान मिला तथा उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है। अब वे केवल घर की लक्ष्मी ही नहीं हैं, अपितु स्वामी भी हैं। महिलाओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए 11.72 करोड़ शौचालयों का निर्माण करवाया गया। इसके अतिरिक्त 6.5 करोड़ सामुदायिक शौचालयों का निर्माण करवाया गया। इस प्रकार देशभर के 4335 कस्बों एवं ग्रामों को खुले में शौच से मुक्ति दिलाई गई।

महिलाओं के स्वास्थ्य के दृष्टिगत उन्हें चूल्हे के धुंए से छुटकारा दिलाने के लिए उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 9.6 करोड़ एलपीजी सिलेंडर वितरित किए गए। विगत मार्च में सरकार ने सिलेंडर पर 200 रुपए का अनुदान एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया है। पूर्व में महिलाओं को दूर से जल लाना पड़ता था, इसलिए जल जीवन मिशन के अंतर्गत 8.67 करोड़ घरों में जल आपूर्ति सुनिश्चित करवाई गई। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत 69 प्रतिशत महिलाओं को लाभान्वित किया गया। इस योजना के अंतर्गत विनिर्माण, प्रसंस्करण, व्यापार या सेवा क्षेत्र में गैर-कृषि क्षेत्र में लगे आय सृजित करने वाले सूक्ष्म उद्यमों को दस लाख रुपए तक के सूक्ष्म ऋण की सुविधा प्रदान की जाती है। मोदी सरकार ने कृषकों के कल्याण के लिए भी उल्लेखनीय कार्य किए हैं। देशभर के 11.39 करोड़ छोटे कृषकों को प्रधानमंत्री किसान निधि के माध्यम से प्रत्येक वर्ष छह हजार रुपए प्रदान किए जाते हैं। इसके साथ ही 37.59 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत पंजीकृत किया गया। इसमें प्राकृतिक आपदा के कारण फसल नष्ट होने पर सरकार द्वारा किसानों को क्षतिपूर्ति प्रदान की जाती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्ययोजना का आधार सिद्ध करता है कि उनके पास दूरदृष्टि ही नहीं, अपितु स्पष्ट दृष्टि भी है, तभी तो देश प्रत्येक क्षेत्र में निरंतर उन्नति कर रहा है। भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल में हुए कार्यों से अत्यधिक उत्साहित दिखाई दे रहा है। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी संगठन अपनी रणनीति पर गंभीरता से कार्य कर रहा है। पार्टी नेताओं को पूर्ण आशा है कि केंद्र में तीसरी बार भी भाजपा की सरकार बनेगी।सरकार जल कल्याण की अनेक योजनाओं को लागू करने पर बल दे रही है। निःसंदेह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुशासन के माध्यम से देश को एक विकसित एवं शक्तिशाली देश के रूप में स्थापित कर रहे हैं।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

**व्यंग्य**

# जॉब प्रोफाइल



अर्चना त्यागी
व्यंग्यकार

शिवांश स्टेशन पर उतरकर ऑटो रिक्शा लेने के लिए बाहर आ गया। कई ऑटो वाले लाइन में खड़े थे। एक ऑटो वाला पीछे से आगे आया और शिवांश का ट्रॉली बैग उठाकर ऑटो में रख दिया। "बैठो साहेब, बहुत भीड़ है। दो ट्रेन एक साथ आई हैं। देर मत करो। जहां बोलो छोड़ दूंगा। पूरे शहर को जानता हूं।" शिवांश ऑटो की ओर बढ़ा तभी दूसरे ऑटो वाले चिल्लाने लगे," घणा हुशियार बन रिया है। इसकी टर्न ही नहीं है ऐ मे ई सवारी उठा रिया है।" शिवांश ने डरकर एक कदम पीछे खींच लिया।" क्या करते हो साहेब? जल्दी ऑटो में बैठो। आपको यहीं रहना है या घर जाना है?" उस ऑटो वाले ने चिल्लाकर कहा। ," पर ये सब बोल रहे हैं तुम्हारी टर्न नहीं है।" शिवांश धीरे से बोला।," इनको बोलने दो। वो मेरी सिरदर्दी है। सवारी को देखकर खड़े रहेंगे बाद में बोलेंगे हमारा टर्न है। इनका रोज़ का यही है। रात की उतरी नहीं है इनकी। आप ऑटो में बैठो।" शिवांश उसके साथ चलकर ऑटो में बैठ गया। दूसरे ऑटो वाले अब भी उसे भला बुरा कह रहे थे। लेकिन वह मस्ती में अपना ऑटो चलाते हुए जा रहा था। "तुमने उनकी बात क्यों नहीं सुनी ?" शिवांश ने रास्ते में प्रश्न किया। "अरे साहेब बेवड़े हैं सब के सब। रात भर यहीं पड़े रहते हैं। जो कमाते हैं उसका आधा तो पीकर उड़ा देते हैं। मैं रात में घर चला जाता हूं। इनके साथ बैठकर पीता नहीं। सुबह घर से आता हूं तो बोलते हैं मेरा टर्न बाद में है।" "ओह यह बात।

मुझे तो लगा था तुम ही गलत हो। लेकिन अंदर की बात तो कुछ और ही निकली।" शिवांश ने आश्वस्त होकर कहा। "आप क्या करते हो साहेब? कहां छोड़ना है आपको?" ऑटो वाले ने पूछा। "दो साल से बेरोजगार हूं। कोई मतलब की नौकरी मिली नहीं। यहां भी इंटरव्यू देने ही आया हूं।" शिवांश ने एक ठंडी सांस छोड़ते हुए कहा। ," नौकरी मतलब की मत ढूंढो साहेब। पेट भरने की ढूंढो। ढूंढो नहीं लपक लो। आजकल अपना हक छीनना पड़ता है। मांगने से कुछ नहीं मिलता है।

"ऑटो वाले की बात अब शिवांश की समझ में आ गई थी।, केमिकल फैक्ट्री की तरफ ले चलो। मुझे वहीं जाना है।" उसने कहा तो ऑटो वाला फिर बोलने लगा," शहर का दूसरा छोर है। दूसरी ट्रेन के टाइम से वापिस नहीं लौट पाऊंगा।" शिवांश ने उसकी बात का उत्तर दिया," मैं डबल किराया दूंगा। तुम्हारे साथ जाने में अच्छा लग रहा है भाई इसलिए मामा के घर ना जाकर सीधे उनकी फैक्ट्री में जा रहा हूं।" ऑटो वाला खुश हो गया। "फिक्र नॉट साहेब। फैक्ट्री पर ही छोड़ूंगा ले जाकर।" किराया देने के लिए शिवांश ने वॉलेट बाहर निकाला। "कितना हुआ?" ऑटो वाला बोला," आज़ किराया नहीं लेता पर बोहनी का टाइम है तो दस रुपए दे दो साहेब।" शिवांश चौंक कर बोला," क्या? बस दस रुपए? लेकिन क्यों?" ऑटो वाला ऑटो से बाहर निकल आया," आज़ ज़रूर आपको नौकरी मिलेगी। अगली बार ले लूंगा। इस बार उधार रहा।" शिवांश हैरान था, अरे भाई "नौकरी नहीं करता हूं फिर भी फ्री में कुछ नहीं लेता हूं, मैं। किराया तो तुम्हे लेना ही पड़ेगा।" उसने ज़ोर देकर कहा। "मैं सवारी नहीं छोड़ता तो किराया कैसे छोड़ दूंगा साहेब। अगली बार डबल लूंगा। पर तुम्हारी कमाई से लूंगा।" शिवांश ने बहुत सिर पटका लेकिन ऑटो वाला दस रुपए ही लेकर गया। बिना नहाए धोए, खाए पिए आज़ पहली बार शिवांश इंटरव्यू दे रहा था। उसने मामा की पहचान भी किसी को नहीं बताई। "क्या क्या काम कर सकते हो जनाब?" इंटरव्यू में जैसे इसी सवाल की प्रतीक्षा कर रहा था शिवांश।," सर मुझे जॉब चाहिए। कोई भी काम कर लूंगा।" बॉस हैरान थे। उन्हे शिवांश के बारे में जो बताया गया था उसका जवाब वैसा नहीं था। उन्होंने फिर कन्फर्म किया "जॉब प्रोफाइल क्या है? मैं जानना चाहता हूं।" शिवांश ने पूरे आत्मविश्वास से कहा,"केवल जॉब चाहिए सर। प्रोफाइल ने दो साल से घर में बिठा रखा है।" बॉस पूरी तरह संतुष्ट हो गए। "आज़ ही से ज्वाइन करोगे? "उनका आखिरी सवाल था।," अभी से सर। ट्रेन से सीधे फैक्ट्री आया हूं। सामान चौकीदार के पास रखा है। "शिवांश के उत्तर पर बॉस कुर्सी से उठ कर खड़े हो गए," वेलकम, माई डियर। तुम्हारा सामान कंपनी के गेस्ट हाउस में रखवा दिया है। जल्दी से फ्रेश होकर वापिस आ जाओ। "शिवांश ने थैंक्यू सर बोला और चपरासी के साथ गेस्ट हाउस में चला गया। उसके दिमाग में बस एक ही बात घूम रही थी, अपना हक छीनना पड़ता है। नौकरी पेट भरने के लिए की जाती है।"

## नॉलेज कॉर्नर: अंजनी महादेव: 11 हजार फीट की उंचाई पर बना शिवलिंग

# यहां बर्फ पर नंगे पैर चलते हैं लोग

सैर-सपाटे का शौक रखने वाले लोगों को किसी के साथ की जरूरत नहीं होती। वह खुद ही प्लान बनाते हैं और निकल लेते हैं घुमक्कड़ी के लिए। लेकिन इन्हीं घुमक्कड़ लोगों को हम एक बेहद खास जगह के बारे में बताने वाले हैं, जिसके बारे में बेहद कम लोग ही जानते हैं। बता दें कि ये जगह मनाली से 25 किलोमीटर की दूरी पर है। इस जगह का नाम है- अंजनी महादेव। अगर आप मनाली घूमने जा रहे हैं, तो इस जगह पर भी जरूर घूमने जाएं।आपतको बता दें कि अंजनी महादेव में साढ़े 11 हजार फीट की ऊंचाई पर बना प्राकृतिक शिवलिंग है। यहां घूमकर आपको शांति का एहसास तो होगा साथ ही में ट्रिप भी मजेदार बनेगा। आज के नॉलेज कॉर्नर में जानते हैं मंदिर के बारे में...

### 30 फीट से भी लंबा शिवलिंग

अंजनी महादेव मंदिर मेंशिवलिंग का आकार 30 फीट से ज्यादा ऊंचा हो गया है। अंजनी महादेव से गिरता झरना बर्फ बनकर शिवलिंग का रूप धारण कर रहा है। तापमान शून्य पर रहने से इसके आकार में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इतनी उंचाई पर बने शिवलिंग को देखने के लिए यहां सैलानी भी अपनी दिलचस्पी दिखा रहे है। तो आइए आपको भी इस शानदार जगह में लिए चलते हैं।



### बर्फ से नुकसान नहीं

आपको जानकर हैरानी होगी कि अंजनी महादेव के दर्शन नंगे पांव चलकर किए जाते हैं और श्रद्धालुओं को यह बर्फ नुकसान नहीं पहुंचाता है। उन्हें 100 मीटर तक नंगे पैर चलना पड़ता है। बता दें कि मनाली से सोलंगनाला तक का 15 किलोमीटर का सफर टैक्सी से कर सकते हैं। सोलंगनाला से अंजनी महादेव तक पांच किलोमीटर का सफर पैदल या घोड़ों से तय किया जा सकता है।

**आस्था का प्रतीक**

*ऐसी मान्यता है कि त्रेता युग में माता अंजनी ने पुत्र प्राप्ति और मुक्ति पाने के लिए तपस्या की थी और भगवान शिव ने दर्शन दिए थे। तभी से यहां पर प्राकृतिक तौर पर बर्फ का शिवलिंग बनता है। ये भी कहा जाता है किइस शिवलिंग के दर्शन करने से हर मनोकामना पूर्ण होती है।*

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*



**अमित शाह,** गृह मंत्री
**@AmitShah**
सरकार के खिलाफ कोई कुछ भी कहे, मगर कोई देश के झंडे, सुरक्षा व संपत्ति से साथ खिलवाड़ करेगा, तो वह जेल जाएगा।

**कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में** सोनिया की पार्टी को चुनाव की तैयारियों में जुटने की सीख, आज कार्यसमिति भी करेगी मंथन

# 'लोकसभा चुनाव निकट, हमें इंडिया के घटक के रूप में करना है काम'

■ केंद्र सरकार पर लोकतंत्र का गला घोंटने का आरोप

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने संसद से 141 विपक्षी सदस्यों के निलंबन को लेकर बुधवार को सरकार पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि यह सरकार लोकतंत्र का गला घोंट रही है। उन्होंने तेलंगाना विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत के लिए नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को बधाई दी तथा छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में हार को निराशाजनक करार दिया। सोनिया गांधी बुधवार को यहां कांग्रेस संसदीय दल की बैठक को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा, हमारे खराब प्रदर्शन के कारणों को समझने और हमारे संगठन के लिए आवश्यक सबक लेने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष पहले ही समीक्षा का पहला दौर आयोजित कर चुके हैं। हम भारी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, फिर भी मुझे विश्वास है कि हमें सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में कांग्रेस की विचारधारा और मूल्य ही उसके मार्गदर्शक हैं। गांधी ने कहा, अगले कुछ महीनों में लोकसभा चुनाव होने हैं।



### लोकतंत्र व प्रमुख संस्थानों पर व्यवस्थित हमला

सोनिया नेआरोप लगाया कि इस सरकार ने लोकतंत्र और संसद सहित सभी प्रमुख संस्थाओं पर व्यवस्थित ढंग से हमला किया है। जिस तरह से विभिन्न धर्मों, जातियों और नस्लों ने सह-अस्तित्व में रहते हुए हमारे सुंदर राष्ट्र के निर्माण में भाग लिया, उस पर हमें हमेशा गर्व रहा है।

### PM को सदन की परवाह नहीं

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद की सुरक्षा में चूक की अक्षम्य घटना पर संसद के बाहर अपने विचार रखे जिससे स्पष्ट है कि सदन की गरिमा की उन्हें कोई परवाह नहीं है। इससे पहले कभी भी इतने सारे विपक्षी सांसदों को सदन से निलंबित नहीं किया गया, और वह भी केवल एक, बिल्कुल उचित और वैध मांग उठाने के लिए।

### ओडिशा के नेताओं के साथ चुनाव तैयारियों पर चर्चा



नई दिल्ली। कांग्रेस की शीर्ष नीति निर्धारण इकाई कार्य समिति की गुरुवार को बैठक होगी, जिसमें अगले लोकसभा चुनाव की तैयारियों और 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों साथ मिलकर आगे बढ़ने की रणनीति समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी। दूसरी ओर पार्टी नेतृत्व ने आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा के लिए बुधवार को ओडिशा के पार्टी नेताओं के साथ बैठक की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) पर राज्य को पीछे धकेलने और मोदी सरकार के साथ हाथ मिलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी ने हमारे संगठन को मजबूत करने और लोगों के अनुकूल मुद्दों को उठाने के प्रयासों को दोगुना कर दिया है।

---

### पीएम पद के लिए उम्मीदवारी, चुनाव जीतना जरूरी



**कलबुर्गी (कर्नाटक)।** कांग्रेस अध्यक्ष एम. मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे एवं कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने बुधवार को कहा कि यदि उनके पिता विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बनते हैं तो यह अच्छा है, लेकिन दिवास्वप्न देखने के बजाय पहले व्यावहारिक चुनौतियों का सामना करने की जरूरत है। प्रियांक खरगे ने कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के दलों के लिए लोकसभा में बहुमत हासिल करने की जरूरत पर जोर दिया और इसे विपक्षी गठबंधन के सामने एक बड़ी चुनौती बताया। प्रियांक खरगे ने यहां पत्रकारों से बातचीत में एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, अगर कोई कन्नडिगा पीएम बनता है तो क्या आप 'नहीं' कहेंगे?

### बीजेपी MLA के निलंबन पर झारखंड विस में हंगामा

**रांची।** झारखंड विधानसभा में बुधवार को लगातार दूसरे दिन हंगामा हुआ जब विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों ने शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए पार्टी के तीन विधायकों के निलंबन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। पूर्वाह्न लगभग 11.07 बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई, भाजपा विधायक रणधीर सिंह तीन विधायकों के निलंबन के विरोध में विधानसभा अध्यक्ष के आसन के निकट आ गए। उनके साथ भाजपा के अन्य सदस्य भी आ गये। भाजपा के सदस्य पार्टी विधायकों का निलंबन रद्द करने की मांग करते हुए वहीं जमीन पर बैठ गए। विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ महतो ने भाजपा सदस्यों से शांतिपूर्वक ढंग से अपनी बात रखने का अनुरोध किया लेकिन वे सरकार के खिलाफ नारे लगाते रहे।

**प.बंगाल की सीएम ममता की** पीएम मोदी से मुलाकात, कहा...

# 155 स्पष्टीकरण दिए पर नहीं मिली बकाया राशि, जारी करें

**एजेंसी** | नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और अपने राज्य से संबंधित मसलों पर चर्चा की। ममता ने राज्य की लंबित केंद्रीय निधि पर चर्चा की और बकाया राशि जारी करने की मांग की। मुख्यमंत्री के अनुसार, प्रधानमंत्री ने प्रस्ताव दिया कि राज्य और केंद्र के अधिकारी एक साथ बैठकर मुद्दों को सुलझा सकते हैं। बनर्जी ने पार्टी के नौ सांसदों के साथ संसद परिसर में प्रधानमंत्री के साथ बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि केंद्र की 155 टीम पहले ही पश्चिम बंगाल का दौरा कर चुकी हैं और केंद्र की ओर से उठाए गए मुद्दों पर राज्य सरकार ने स्पष्टीकरण दिया है। राज्य की बकाया 'मनरेगा' राशि का जिक्र करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि संविधान के तहत श्रमिकों को भुगतान करना अनिवार्य है।



### राज्य की 1.16 लाख करोड़ रुपए की राशि बकाया

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने कहा, मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बताया कि हमने 155 बार स्पष्टीकरण दिया है। हम एक बार फिर ऐसा कर सकते हैं, वे कोई फॉर्मूला तय कर सकते हैं। संघीय ढांचे में केंद्र सरकार और राज्य सरकार दोनों की हिस्सेदारी होती है। गरीब लोगों के लिए दी जाने वाली राशि को रोक देना उचित नहीं है। विभिन्न केंद्र प्रायोजित योजनाओं और पिछले वर्षों में प्राकृतिक आपदाओं के लंबित दावों के तहत राज्य की केंद्र के पास 1.16 लाख करोड़ रुपए की राशि बकाया है। मुख्यमंत्री के मुताबिक, मनरेगा की करीब 6,911 करोड़ रुपये और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवंटित 11,01,731 आवासों के लिए केंद्र के हिस्से की राशि को भी जारी नहीं किया गया है।

### 100 दिनों के काम के लिए एक भी पैसा नहीं मिला

बनर्जी ने दावा किया, हमें वर्ष 2022-23 के बजट में मनरेगा के तहत 100 दिनों के काम के लिए एक पैसा भी नहीं मिला। प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए मिलने वाली धनराशि रोक दी गई है, ग्रामीण विकास योजनाएं बंद कर दी गई हैं और स्वास्थ्य अभियान कार्यक्रम भी बंद कर दिया गया है। हमें वित्त आयोग के तहत भी राशि नहीं मिल रही है।

### राशि जारी करने को लेकर केंद्र व पश्चिम बंगाल के बीच खींचतान

राज्य को राशि जारी करने को लेकर केंद्र और पश्चिम बंगाल सरकार के बीच खींचतान चल रही है। तृणमूल कांग्रेस ने इस मुद्दे को लेकर अक्टूबर में राष्ट्रीय राजधानी में अपने महासचिव अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन भी किया था। भाजपा ने पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार पर प्रधानमंत्री आवास योजना और मनरेगा के लिए जारी केंद्रीय निधि को हड़पने का आरोप लगाया है।

### सिद्धारमैया की शाह से मुलाकात

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और उनसे सूखे से प्रभावित राज्य के लिए 18,177.44 करोड़ की राशि मंजूर करने का अनुरोध किया। सिद्धारमैया ने गृह मंत्री से संसद में स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की।

**नेहरू की तस्वीर** हटाने पर विवाद

## MP: महान नेताओं की तस्वीरों पर फैसले के लिए समित गठित होगी

**एजेंसी** | भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा से देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर हटाने को लेकर हुए विवाद के बीच, नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने बुधवार को कहा कि सदन में महान नेताओं की तस्वीरें लगाने के बारे में निर्णय लेने के लिए विधायकों की एक समिति गठित की जाएगी। कांग्रेस नेहरू की तस्वीर हटाने को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा पर निशाना साध रही है।

विधानसभा अध्यक्ष के आसन के पीछे नेहरू की तस्वीर लगी थी और जुलाई में इस तस्वीर को हटाकर संविधान निर्माता डॉ.बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की तस्वीर लगा दी गई थी। बुधवार को कार्यवाही शुरू होने के बाद विधानसभा में विपक्ष के नेता उमंग सिंघार और



कांग्रेस के अन्य विधायकों ने यह मुद्दा तब उठाया, जब राज्यपाल मंगूभाई पटेल अभिभाषण दे रहे थे।

सोलहवीं मध्यप्रदेश विधानसभा का पहला सत्र सोमवार को शुरू हो गया। सिंघार ने मांग की कि सदन में नेहरू की तस्वीर फिर से लगाई जाये क्योंकि वह देश के एक कद्दावर नेता थे और उन्होंने राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उन्होंने कहा कि प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की तस्वीर भी विधानसभा में लगाई जानी चाहिए।

### तोमर विधानसभा अध्यक्ष निर्वाचित

**भोपाल।** वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को बुधवार को सर्वसम्मति से मध्य प्रदेश विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित विधानसभा का पहला सत्र सोमवार को शुरू हुआ। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने तोमर को विधानसभा अध्यक्ष के रूप में चुने जाने का प्रस्ताव रखा, जिसका विपक्ष के नेता उमंग सिंघार ने समर्थन किया। तोमर के पक्ष में अन्य कई प्रस्ताव भी पेश किए गए। प्रस्ताव के ध्वनि मत से पास होने के बाद अस्थायी अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) गोपाल भार्गव ने तोमर को सर्वसम्मति से विधानसभा अध्यक्ष घोषित किया।

**जम्मू कश्मीर में** विधानसभा चुनाव की सरगर्मी

## पीडीपी नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ चुनाव से पहले गठजोड़ के पक्ष में

**एजेंसी** | श्रीनगरउ

जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ चुनाव-पूर्व गठजोड़ की तरफदारी करते हुए पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने बुधवार को कहा कि इस केंद्रशासित प्रदेश के लोगों को बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिए एकजुट हो जाना चाहिए।

पीडीपी के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष मोहम्मद सरताज मदनी ने कहा कि पार्टी चाहती है कि गुपकर घोषणापत्र गठबंधन (पीएजीडी) के घटक एकजुट रहें। मदनी ने यहां संवाददाताओं से कहा, पार्टी



प्रमुख महबूबा मुफ्ती के संघर्ष के बाद पीएजीडी बना। वह सभी को साथ लाईं। महबूबा पीएजीडी की मूलाधार हैं।

इसलिए हम उसमें कोई दरार नहीं चाहते हैं। हमारी तरफ से ऐसी कोई बात नहीं होगी कि हम यह गठबंधन नहीं चाहते हैं। हम चाहते हैं कि जम्मू कश्मीर के सभी लोग बड़े लक्ष्य के लिए एकजुट हो जाएं। वह पीडीपी और नेशनल कांफ्रेंस के नेताओं द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ सार्वजनिक रूप से बयानबाजी करने तथा दोनों दलों के बीच चुनाव पूर्व गठजोड़ होने की संभावना के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। जब मदनी से पूछा गया कि क्या पीडीपी ने अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए अपने प्रत्याशी तय कर लिए हैं तो उन्होंने कहा कि संसदीय बोर्ड दूसरी बैठक में उसपर निर्णय करेगी।

### सहारनपुर से शुरू हुई कांग्रेस की 'यूपी जोड़ो यात्रा'

**सहारनपुर (उप्र)।** लोकसभा के आगामी चुनाव की तैयारियां तेज करते हुए कांग्रेस ने अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' की तर्ज पर 'यूपी जोड़ो यात्रा' का आगाज बुधवार को सहारनपुर जिले से कर दिया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने बताया कि राय के नेतृत्व में शुरू हुई यात्रा पहले दिन बेहट होते हुए गंगोह नगर पालिका के गणेश शंकर विद्यार्थी चौक पर समाप्त हुई। राय ने आरोप लगाया कि यूपी में आप की सरकार नहीं है। भाजपा सरकार किसानों की समस्या पर कान बंद कर लेती है, भाजपा बलात्कारियों को चुनाव में टिकट देती है।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन



*कोच्चि। युवा कांग्रेस व केरल स्टूडेंट्स यूनियन के कार्यकर्ताओं पर पुलिस के कथित हमले के विरोध में बुधवार को कोच्चि में प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। कांग्रेस की ओर से प्रदेशभर में प्रदर्शन आयोजित किए गए।*

---

**महाराष्ट्र जातीय जनगणना पर सियासत**

# जातिगत जनगणना पर सभी वर्गों की राय के बाद करेंगे फैसला: शिंदे

**एजेंसी** | नागपुर

महाराष्ट्र में जातीय जनगणना के मुद्दे को लेकर सियासत तेज हो गई है। राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को कहा कि समाज के सभी वर्गों की राय लेकर और लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखकर जाति आधारित जनगणना पर उचित निर्णय लिया जाएगा।

जातीय जनगणना पर शिंदे की यह टिप्पणी आरएसएस के पदाधिकारी श्रीधर गाडगे की मंगलवार को की गई इस टिप्पणी के बाद आई है कि कोई जाति आधारित जनगणना नहीं होनी चाहिए । गाडगे ने यह सवाल भी किया था कि इससे क्या हासिल होगा। आरएसएस पदाधिकारी की टिप्पणियों को लेकर पूछे गए सवाल पर शिंदे ने कहा कि महाराष्ट्र प्रगतिशील राज्य है और इसकी संस्कृति एवं परंपराएं अन्य राज्यों से अलग हैं।

मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा, यहां सभी समुदाय और जातियां एक साथ रहती हैं, एक साथ काम करते हैं एवं एक साथ जश्न मनाते हैं।

शिंदे यहां रेशिमबाग इलाके में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक के बी हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक एम एस गोलवलकर के स्मारकों पर गए और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा से जुड़े मंत्री और विधायक हर साल नागपुर में



राज्य विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के दौरान हेडगेवार और गोलवलकर के स्मारक पर जाते हैं।

### हेडगेवार व गोलवलकर के स्मारक पर जाने के पीछे राजनीति नहीं

हिंदुत्व पर राजनीति को लेकर एक सवाल पर शिंदे ने कहा, हमारे यहां आने के पीछे कोई राजनीति नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार हिंदुत्व की विचारधारा और (शिवसेना के दिवंगत संस्थापक) बालासाहेब ठाकरे की विचारधारा पर बनी है। उन्होंने कहा, विकास का यह हिंदुत्व, जैसा कि हमारे प्रधानमंत्री ने भी कहा है, सबका साथ, सबका विकास के लिए है। शिंदे ने कहा कि उनकी सरकार आम लोगों का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने कहा, मैं आम आदमी की तरह काम करता हूं, इसलिए लोग हमें और हमारी सरकार को पसंद करते हैं।

### भागवत का विदेशी भाषाओं को बढ़ावा न देने का आग्रह



**भुवनेश्वर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने लोगों से अंग्रेजी जैसी विदेशी भाषाओं को बढ़ावा देने के बजाय अपनी मातृभाषा में बातचीत करने और इसका सम्मान करने का बुधवार को आग्रह किया। भागवत ने यहां अखिल भारतीय साहित्य परिषद के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश में मातृभाषा के इस्तेमाल पर बहुत सारे मुद्दे हैं। हमने अपनी मातृभाषा का प्रयोग बंद कर दिया है। परिणामस्वरूप, हमें अपने ग्रंथों का अर्थ समझने के लिए अंग्रेजी शब्दकोश का संदर्भ लेना पड़ता है आज, हमने विभिन्न भारतीय भाषाओं के कई लेखकों को सम्मानित किया है। लेकिन, हमारी मातृभाषा को वास्तविक सम्मान तब मिलेगा, जब हम इसका इस्तेमाल करना शुरू करेंगे। भागवत ने यह भी दावा किया कि प्राचीन काल में अन्य देशों में कोई धर्म नहीं था तथा यह भारत से चीन और जापान जैसे कुछ अन्य देशों में फैला।

### इंडिया के बजाय भारत नाम की वकालत

बाद में, एक संवाद सत्र के दौरान भागवत ने 'इंडिया' के बजाय भारत नाम की वकालत की। भागवत ने कहा, भाषा कोई भी हो, नाम एक ही रहता है...हमारे भारत के साथ भी ऐसा ही है। इसलिए, हर किसी को हमारे देश को भारत के रूप में संदर्भित करना चाहिए।

## जरूरी खबर

### 4 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए कई दवाओं पर रोक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने चार साल से कम उम्र के बच्चों के लिए कुछ चिकित्सा अवयवों के मिश्रण वाली सर्दी जुकाम रोधी कई दवाओं के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। भारत के औषधि महानियंत्रक राजीव रघुवंशी ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के दवा नियामकों से क्लोरफेनिरामाइन मैलेट आईपी 2एमजी + फेनिलफ्राइन एचसीएल आईपी 5एमजी ड्रॉप/एमएल के 'फिक्स्ड ड्रग कॉम्बिनेशन' (एफडीसी) के निर्माताओं को दवा के लेबल और पर्ची पर यह चेतावनी देने के लिए कहा है कि एफडीसी का इस्तेमाल चार वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

### महुआ मोइत्रा की याचिका पर फैसला सुरक्षित



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा की भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और वकील जय अनंत देहाद्रई को उनके खिलाफ कोई भी कथित फर्जी और अपमानजनक सामग्री पोस्ट करने से रोकने संबंधी अंतरिम अर्जी पर बुधवार को आदेश सुरक्षित रख लिया। उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस नेता मोइत्रा,भाजपा सांसद दुबे और देहाद्रई के वकील को सुनने के बाद अंतरिम अर्जी पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया।

### तेजस्वी और लालू यादव पूछताछ के लिए तलब



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन धनशोधन मामले की जांच में बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और उनके पिता एवं राजद प्रमुख लालू प्रसाद को पूछताछ के लिए तलब किया है। तेजस्वी को 22 दिसंबर को पेश होने के लिए कहा गया है, वहीं लालू को धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत बयान दर्ज कराने के लिए 27 दिसंबर को उपस्थित होने के लिए कहा गया है। कथित घोटाला उस समय का है जब लालू संप्रग सरकार में रेल मंत्री थे। आरोप है कि 2004 से 2009 तक, भारतीय रेलवे के विभिन्न जोन में समूह डी पदों पर कई व्यक्तियों को नियुक्त किया गया था।

## कश्मीर में हिमपात और कड़ाके की सर्दी



*बड़गांव। जम्मू कश्मीर में पर्वतीय क्षेत्रों में हिमपात के कारण कड़ाके की सर्दी पड़ रही है।बड़गांव जिले में दूधपथरी में आंशिक रूप से जमा एक नाले के पास बैठकर भुट्टे सेकता एक स्थानीय निवासी। जम्मू कश्मीर में 40 दिन का चिलाई कलां यानी कड़ाके की सर्दी का समय गुरुवार से शुरू हो रहा है।*

## तटरक्षक बल के लिए होगी 6 गश्ती पोतों की खरीद



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय तटरक्षक बल के लिए अगली पीढ़ी के छह अपतटीय गश्ती पोतों की खरीद के वास्ते मझगांव डॉकयार्ड शिपबिल्डर्स लिमिटेड के साथ बुधवार को 1,614 करोड़ रुपएके अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस खरीद का उद्देश्य तटरक्षक बल की समुद्री सुरक्षा क्षमता को बढ़ाना है। यह करार खरीद (भारतीय-आईडीडीएम) श्रेणी के तहत कुल 1614.89 करोड़ रुपए में किया गया। खरीदे जा रहे छह पोतों में से चार मौजूदा पुराने अपतटीय गश्ती पोतों की जगह लेंगे और अन्य दो पोत तटरक्षक के बेड़े में वृद्धि करेंगे। भारत अपने नौसैनिक बेडे को लतगातार मजबूत करने में जुटा हुआ है। इसके तहत नए पोत नौसेना में भी शामिल किए जा रहे हैं।

### केंद्र का राज्यों को निगरानी व परीक्षण बढ़ाने का निर्देश

# कोविड: जेएन.1 वैरियंट के तीन राज्यों में मिले 21 नए मामले

एजेंसी | नई दिल्ली

देशभर में कोविड-19 के उप-स्वरूप जेएन.1 के 20 नए मामले सामने आए हैं। इनमें से 19मामले गोवा में दर्ज किए गए जबकि केरल तथा महाराष्ट्र में एक-एक मामला सामने आया है। केंद्र सरकार ने देश में कोविड -19 मामलों में बढ़ोतरी और नए जेएन.1 स्वरूप के सामने आने के बीच राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से निगरानी बनाए रखने के लिए कहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख ने बुधवार



को देश भर में स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारियों की समीक्षा की और कोरोनो वायरस के उभरते स्वरूपों के प्रति सतर्क रहने पर जोर दिया।

**तीन राज्यों में बढ़ी संक्रमण दर**

देश में केरल, महाराष्ट्र, झारखंड और कर्नाटक जैसे कुछ राज्यों में दैनिक संक्रमण दर में वृद्धि देखी गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार,देश में 21 मई के बाद एक दिन में सबसे अधिक कोरोना वायरस संक्रमण के 614 नए मामले दर्ज किए गए।विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना वायरस के 'जेएन.1' स्वरूप के तेजी से बढ़ते मामलों के बीच इसे 'वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' करार दिया है।

### सतर्क रहने की जरूरत है: मांडविया

मांडविया ने राज्यों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि कोविड अभी खत्म नहीं हुआ है। साथ ही उन्होंने राज्यों से कोविड-19 के नए मामलों, लक्षणों और उनकी गंभीरता पर निगाह रखने का अनुरोध किया ताकि उचित सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों की योजना बनाई जा सके।

### परीक्षण में तेजी लाएं राज्य

बैठक के दौरान राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से अनुरोध किया गया कि वे परीक्षण में तेजी लाएं और कोविड के नमूने और निमोनिया जैसी बीमारियों के नमूनों को जीनोम अनुक्रमण प्रयोगशालाओं में भेंजे ताकि समय रहते नए स्वरूप का पता लगाया जा सके। अस्पताल की तैयारियों के लिए 'मॉक ड्रिल' करना, निगरानी बढ़ाना और लोगों से बातचीत जरूरी है।

### सभी अस्पतालों में 'मॉक ड्रिल' का निर्देश

उन्होंने हर तीन माह में सभी अस्पतालों में 'मॉक ड्रिल' करने की जरूरत पर जोर दिया । साथ ही राज्यों से यह सुनिश्चित करने की अपील की कि त्योहारों से पहले सर्दी के मौसम में एहतियाती कदम उठाए जाएं।

### दूरसंचार विधेयक को लोकसभा की मंजूरी

## अब नहीं ले सकेंगे फर्जी सिम, तीन साल की कैद

एजेंसी | नई दिल्ली

देश में 138 साल पुराने टेलीग्राफ अधिनियम को निरस्त कर नया कानून बनाने के लिए लाए गए दूरसंचार विधेयक, 2023 को लोकसभा ने बुधवार को मंजूरी प्रदान कर दी, जिसमें प्रशासनिक तरीके से उपग्रह संचार कंपनियों को स्पेक्ट्रम आवंटन का प्रस्ताव है। इस विधेयक में फर्जी सिम लेने पर 3 साल जेल और 50 लाख तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। विधेयक के अनुसार, यदि कोई राष्ट्रीय सुरक्षा, दूसरे देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों के हित के खिलाफ किसी भी तरह से काम करता है और अवैध रूप से दूरसंचार उपकरणों का उपयोग करता है, तो उसे तीन साल तक की कैद की सजा सुनाई जा सकती है या दो करोड़ रुपए तक का जुर्माना लग सकता है या दोनों सजा दी जा सकती हैं। यदि केंद्र सरकार उचित समझती है तो ऐसे व्यक्ति की दूरसंचार सेवा निलंबित या समाप्त भी कर सकती है।



**ली जा सकेगी तलाशी**

विधेयक में कहा गया है कि केंद्र सरकार द्वारा अधिकृत कोई भी अधिकारी किसी भी इमारत, वाहन, जहाज, विमान या स्थान की तलाशी ले सकता है, जहां उसे कोई अनधिकृत दूरसंचार नेटवर्क या दूरसंचार उपकरण या रेडियो उपकरण रखने या छिपाए जाने का भरोसा हो। अधिकृत व्यक्ति इस तरह के उपकरण को अपने कब्जे में ले सकता है।

### संसदीय समिति की सिफारिश

## अग्निवीरों की भर्ती में तेजी लाएं

एजेंसी | नई दिल्ली

संसद की एक स्थायी समिति ने बुधवार को सिफारिश की कि सशस्त्र बलों में 'अग्निवीरों' की भर्ती तेज की जाए। सरकार ने जून 2022 में तीनों सेवाओं में कर्मियों की अल्पकालिक भर्ती के लिए अग्निपथ भर्ती योजना शुरू की थी। रक्षा मामलों पर संसद की स्थायी समिति ने कहा,समिति को रक्षा मंत्रालय के प्रतिनिधियों के मौखिक साक्ष्य के माध्यम से पता चला है कि सशस्त्र बल ऐसे दौर से गुजर रहे हैं जहां कोविड-19 के कारण श्रमबल में मामूली कमी आई है। इसके अलावा, अग्निपथ योजना




2022 में सशस्त्र बलों में सेवा के लिए युवाओं की भर्ती योजना के रूप में शुरू की गई है। अग्निपथ योजना के तहत अगले साल 40,000 सैनिकों की भर्ती होनी है और बाद के वर्षों में 45,000 और 50,000। यह रिपोर्ट बुधवार को संसद में पेश की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि परिचालन जरूरतों के आधार पर रक्षा मंत्री को भर्ती किए गए अग्निवीरों की संख्या बढ़ाने का अधिकार है।

## नदी प्रदूषण: NGT की 6 अफसरों के खिलाफ कार्रवाई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने हिंडन नदी में प्रदूषण को रोकने में विफलता के लिए उत्तर प्रदेश के सात जिलों में नगर निकायों के प्रभारी अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई शुरू करने का आदेश दिया है। हिंडन, यमुना नदी की एक सहायक नदी है। यह नदी गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, मेरठ और बागपत जिलों में पानी उपलब्ध कराने का प्राथमिक स्रोत है। न्यायाधीश सुधीर अग्रवाल और न्यायाधीश अरुण कुमार त्यागी की पीठ ने कहा नदी का पानी प्रदूषित हो रहा है।

## जाट समाज ने किया विरोध प्रदर्शन




*नई दिल्ली। टीएमसी नेता कल्याण बनर्जी द्वारा राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री करने के विरोध में बुधवार को जाट समाज के लोगों ने नई दिल्ली में विरोध प्रदर्शन किया।*

### प्रधानमंत्री की अमेरिका को दो टूक

# हमारी प्रतिबद्धता कानून के शासन के प्रति: पीएम

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सिख अलगाववादी को निशाना बनाने की नाकाम साजिश का संबंध भारत से होने को लेकर अमेरिका के आरोपों पर अपनी पहली टिप्पणी में कहा है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की प्रतिबद्धता कानून के शासन के प्रति है और अगर कोई सूचना देता है तो वह इस पर गौर करेगा।

ब्रिटिश अखबार 'फाइनेंशियल टाइम्स' को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि अगर हमारे किसी नागरिक ने कुछ भी अच्छा या बुरा किया है, तो हम उस पर गौर करने के लिए तैयार हैं। ज्ञात रहे



कि अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने आरोप लगाया है कि निखिल गुप्ता नाम का व्यक्ति सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नुन की हत्या की नाकाम साजिश में भारत सरकार के एक कर्मचारी के साथ काम कर रहा था। पन्नुन के पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता है। भारत ने आरोपों की जांच के लिए पहले ही एक जांच समिति का गठन कर दिया है।

### भारत चरमपंथी गुटों की गतिविधियों से चिंतित

साक्षात्कार में मोदी ने कहा कि भारत विदेशों में स्थित कुछ चरमपंथी समूहों की गतिविधियों को लेकर बहुत चिंतित' है। उन्होंने कहा, ये तत्व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की आड़ में डराने-धमकाने और हिंसा भड़काने में लगे हुए हैं। मोदी ने यह भी कहा कि भारत-अमेरिका के संबंध बहुत मजबूत हैं और दोनों ही पक्ष इसे समर्थन देते हैं। सुरक्षा और आतंकवाद के खिलाफ सहयोग हमारी साझेदारी का एक प्रमुख घटक रहा है मुझे नहीं लगता कि कुछ घटनाओं को दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों से जोड़ा जाना उचित है।

### भारत- अमेरिका के संबंध हो रहे हैं मजबूत

प्रधानमंत्री ने कहा कि रक्षा, व्यापार, निवेश, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत और अमेरिका के संबंध मजबूत हो रहे हैं। हमें इस तथ्य को स्वीकार करने की जरूरत है कि हम बहुपक्षवाद के युग में रह रहे हैं। दुनिया आपस में जुड़ी हुई है और एक-दूसरे पर निर्भर भी है। यह वास्तविकता हमें यह मानने के लिए मजबूर करती है कि सभी मामलों पर पूर्ण समझौता सहयोग के लिए एक शर्त नहीं हो सकता। दोनों पक्ष अब 'इनिशिएटिव ऑन क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज के तहत सेमीकंडक्टर्स, अगली पीढ़ी के दूरसंचार, कृत्रिम मेधा और रक्षा सहित सात विशिष्ट उच्च-प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में भारत-अमेरिका सहयोग के लिए एक महत्वाकांक्षी खाके पर काम कर रहे हैं।

### 24 लेखकों को साहित्य अकादमी पुरस्कार

## राजस्थानी भाषा के लिए गजे सिंह होंगे पुरस्कृत

एजेंसी | नई दिल्ली

साहित्य अकादमी ने हिंदी के लिए संजीव, अंग्रेजी के लिए नीलम शरण गौर और उर्दू के लिए सादिक नवाब सहर समेत 24 भारतीय भाषाओं के लेखकों को प्रतिष्ठित वार्षिक 'साहित्य अकादमी पुरस्कार 2023' से सम्मानित करने की बुधवार घोषणा की। राजस्थानी के लिए गजेसिंह राजपुरोहित को पुरस्कृत किया जाएगा। अकादमी के सचिव के. श्रीनिवास राव ने यहां बताया कि अकादमी ने नौ कविता-संग्रह, छह उपन्यास, पांच कहानी संग्रह, तीन निबंध तथा एक आलोचना की पुस्तक को पुरस्कार के लिए चुना है। उन्होंने बताया कि अगले साल 12 मार्च को आयोजित किए जाने वाले समारोह में विजेता लेखकों को पुरस्कार स्वरूप एक उत्कीर्ण ताम्रफलक, शॉल और एक-एक लाख रुपए की राशि दी जाएगी। अकादमी के सचिव के. श्रीनिवास राव ने यहां पत्रकारों से कहा कि हिंदी के लिए संजीव को उनके उपन्यास 'मुझे पहचानो', अंग्रेजी के लिए गौर को उनके उपन्यास 'रेक्युम इन रागा जानकी' के लिए, पंजाबी में स्वर्णजीत सवी को उनके कविता संग्रह 'मन दी चिप' के लिए और उर्दू में सहर को उनके उपन्यास 'राजदेव की अमराई' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

BOX OFFICE WAR : आज रिलीज होगी डंकी, कल सिनेमाघरों में उतरेगी सालार

# जयपुर में प्रभास पर भारी पड़ेंगे किंग खान

## पिंकसिटी में डंकी को मिले सालार से लगभग 5 गुणा ज्यादा शो

**शिवराज गुर्जर. जयपुर।** बॉक्स ऑफिस पर शुक्रवार को बड़ा क्लेश होने वाला है। इस दिन जहां गुरुवार को रिलीज होने जा रही शाहरुख खान की फिल्म डंकी का सिने स्क्रीन पर दूसरा दिन होगा, वहीं प्रभास की सालार ओपनिंग करेगी। दोनों ही फिल्मों का ग्राफ बहुत बड़ा है। दोनों में लीड रोल में सुपर स्टार हैं। स्टारकास्ट के साथ ही दोनों का एक और प्लस पॉइंट है, इनके डायरेक्टर। राजकुमार हिरानी और प्रशांत नील। इन दोनों का ट्रेक रिकॉर्ड भी सुपर है। ऐसे में मुकाबला रोमांचक होने वाला है। पूरे देश में दोनों मूवीज बॉक्स ऑफिस पर जैसा भी प्रदर्शन करे, लेकिन जयपुर में तो प्रभास पर किंग खान भारी पड़ेंगे। कारण, यहां पर डंकी को सालार से पांच गुणा ज्यादा शो मिले हैं।




| | |
|---|---|
| डंकी | |
| 22 | स्क्रीन |
| 205 | शो |
| सालार | |
| 8 | स्क्रीन |
| 39 | शो |

**डंकी**

| सिनेमा हॉल | शो | सिनेमा हॉल | | | शो |
|---|---|---|---|---|---|
| राजमंदिर | 5 | जीटी सेंट्रल मॉल | 21 | पारस सिनेमा | 4 |
| आइनॉक्स, आम्रपाली सर्किल | 8 | पिंक स्क्वेयर मॉल | 13 | फन स्टार, विद्याधर नगर | 7 |
| पीवीआर मॉल वैशाली नगर | 18 | सनी ट्रेड सेंटर | 13 | जेम | 4 |
| सिटी बनीपार्क प्लाजा | 11 | जेटीएम मॉल | 10 | गोलेछा | 7 |
| क्रिस्टल पॉल्म मॉल शिवाजी नगर | 10 | एंटरटेनमेंट पैराडाइज | 10 | कोहिनूर, सांगानेर | 5 |
| एलिमेंट मॉल अजमेर रोड | 10 | गैलेक्सी, मानसरोवर | 6 | सिनेस्टार, विद्याधर नगर | 8 |
| जीटी सेंट्रल मॉल | 21 | सिने पोलिस WTP | 13 | पीवीआर लक्स मॉल | 4 |
| पिंक स्क्वेयर मॉल | 13 | ट्राइटन मेगा मॉल, झोटवाड़ा | 13 | फर्स्ट सिनेमा | 6 |

**सालार**

| सिनेमा हॉल | शो |
|---|---|
| पीवीआर मॉल वैशाली नगर | 7 |
| जीटी सेंट्रल मॉल | 9 |
| पिंक स्क्वेयर मॉल | 5 |
| सनी ट्रेड सेंटर | 5 |
| गैलेक्सी, मानसरोवर | 1 |
| सिने पोलिस WTP | 5 |
| पीवीआर लक्स मॉल | 2 |
| एंटरटेनमेंट पैराडाइज | 5 |




### इतने शो हाउसफुल!

जयपुर में शाहरुख खान और तापसी स्टारर डंकी के एडवांस बुकिंग में 12 शो हाउसफुल हैं। इसके अलावा प्रभास की सालार को शो कम मिले हैं, ऐसे में इसका सिर्फ एक शो सनी ट्रेड सेंटर में फुल है।

## चिराग के प्रदर्शन से जीते



**बेधड़क. जयपुर।** आरके चतुर्वेदी टूर्नामेंट का फाइनल रेलवे क्रिकेट ग्राउंड पर आरके स्पोर्टस् क्रिकेट अकेडमी और जीआर क्रिकेट अकेडमी के बीच खेला गया। आरके स्पोट् र्स क्रिकेट अकेडमी पहले बेटिंग करते हुए 18.2 ओवर में 120 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जीआर क्रिकेट अकेडमी को 121 रनों का लक्ष्य दिया, जिसमें अर्जित गुप्ता ने 23 बॉल खेलकर 35 और चिराग शर्मा ने 22 बॉल खेलकर 30 रन बनाए। जीआर क्रिकेट अकेडमी की ओर से सर्वाधिक 5 विकेट सर्वे गजराज ने लिए और इसके अलावा लाला राम ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए जीआर अकेडमी की संपूर्ण टीम 17.4 ओवर में मात्र 94 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, जिसमें जीआर की ओर से लखन भारती ने सर्वाधिक 51 रन बनाए। चिराग शर्मा ने 3 ओवर में 7 रन देकर 4 विकेट लिए। इस तरह आरके स्पोर्टस् क्रिकेट अकेडमी ने आरके चतुर्वेदी टूर्नामेंट 26 रनों से जीत लिया, जिसमें अपने ऑल राउंड प्रदर्शन की वजह से चिराग शर्मा को मैन ऑफ दी मैच चुना गया।

## जिम ओपनिंग में पहुंचे IFBB मैन



**बेधड़क. जयपुर।** इंडिया के पहले आईएफबीबी मैन भुवन चौहान ने बुधवार को जयपुर में एक कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने कहा कि जयपुर से मेरा और मेरी मम्मी का बहुत पुराना रिलेशन है। चौहान बुधवार को न्यू आतिश मार्केट स्थित यूएफसी जिम के ग्रांड ओपनिंग प्रोग्राम में शिरकत करने आए थे। इस मौके पर इंटरनेशनल जिम ऑनर अजय अरोड़ा ने बताया कि यूएफसी जिम में टॉप क्लास ट्रेनर, मार्शल आर्ट, बॉक्सिंग, फंक्शनल ट्रेनिंग, जुंबा, योगा, कार्डियो एक्टिविटी के साथ स्पा एंड हेल्दी कैफे का भी आनंद लिया जा सकता है। ओपनिंग को खास बनाने के लिए इंडिया के पहले बॉडी बिल्डिंग आईएफबीबी प्रो और आरजे सुदीप्ता साहा, आईएफबीबी प्रो और मिस्टर ओलंपिया स्टेज आईएफबीबी में इंडिया को रिप्रेजेंट करने वाले पहले इंडियन एथलीट भुवन चौहान शामिल हुए।

## City इवेंट्स

### नामदेव समाज की प्रतिभाओं का सम्मान




**बेधड़क. जयपुर।** संत नामदेव भवन मानसरोवर में नामदेव समाज का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में समाज के होनहार युवाओं का सम्मान किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग रुणवाल ने बताया कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर आयोजित 'रन फोर श्रीराम' यात्रा के तहत फलोदी से अयोध्या के लिए पद यात्रा कर रहे समाज के 23 वर्षीय युवा पीयूष भाटी का जयपुर पहुंचने पर नामदेव समाज की ओर से स्वागत किया गया। नामदेव चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष महावीर कुमार टेलर ने बताया कि हाल ही में राजस्थान हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में नामदेव समाज के होनहार एडवोकेट योगेश टेलर के कोषाध्यक्ष पद पर जीत हासिल करने पर तथा सामाजिक एवं पशु पक्षी सेवा कार्यकर्ता निर्मला नामा का समाज द्वारा अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर समाज से संजय टेलर, सत्यनारायण गाधा, सीताराम किंजड़ा, हनुमान टेलर, शैलेंद्र गोठवाल,अल्पेश टेलर,अंजू टेलर और नामदेव हॉस्टल के बच्चे व महिला और पुरुष उपस्थित रहे।

### आदिश्री को मिला कॉमर्स ब्लेजर



**बेधड़क. जयपुर।** भारतीय विद्या भवन विद्याश्रम स्कूल की कक्षा बारह की छात्रा आदिश्री जैन को स्कूल के वार्षिक उत्सव में कॉमर्स ब्लेजर देकर सम्मानित किया गया। आदिश्री जनकपुरी, ज्योतिनगर निवासी है। उसे स्कूल के कॉमर्स विभाग में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर अभिभावकों से भरे स्कूल सभा ग्रह में बुधवार को हुए 39वें वार्षिक उत्सव में स्कूल की प्राचार्य प्रीति सांगवान, मुख्य अतिथि कृष्ण कान्त पाठक आईएएस, तथा राजेंद्र भानावत द्वारा आदिश्री जैन को प्रमाण पत्र व ब्लेजर प्रदान किया गया। श्रेष्ठी पदम जैन बिलाला की सुपोत्री व सीए पारस बिलाला की सुपुत्री आदिश्री ने इसका श्रेय नियमित पढ़ाई, गुरुजन व परिजनों से मिले आशीर्वाद को दिया।

### राज्य के प्रथम दलित IAS को श्रद्धांजलि



**बेधड़क. जयपुर।** डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में बुधवार को संस्था प्रांगण में राजस्थान के प्रथम अनुसूचित जाति के आईएएस अधिकारी एवं सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष महेंद्र सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा में सोसायटी के अध्यक्ष आईपीएस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा, बीएल बैरवा, जीएल वर्मा, दयानंद सक्करवाल, जसवंत संपतराम, कन्हैया लाल बेरवाल, बीएल नवल, यादराम फांसल, डॉ. भजन लाल रोलन, डॉ. महेंद्र आनंद, रणजीत जाटव, शिव शंकर छत्रपति, अंकित बबेरवाल, देव गोधा, जीडी मेहरा, उर्मिला वर्मा, राम प्रसाद बैरवा, बीपी आनंद, विनोद बैरवा एवं अन्य लोगों ने महेंद्र सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

जेकेके में 21 से लगेगी नाबार्ड की राष्ट्रीय प्रदर्शनी

## 'पधारो म्हारे शिल्पग्राम' में दिखाई देगा 150 दस्तकारों का हुनर




**बेधड़क | जयपुर**

जवाहर कला केन्द्र में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की ओर से 21 से 26 दिसंबर तक 'पधारो म्हारे शिल्पग्राम' राष्ट्रीय प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसमें 19 राज्यों के 150 दस्तकारों का हुनर दिखेगा। छह दिवसीय प्रदर्शनी में देशभर से आए दस्तकारों और हस्तशिल्पियों का हुनर एक जगह देखने को मिलेगा। सुबह 11 से रात 9 बजे तक चलेने वाली प्रदर्शनी का उद्घाटन 21 दिसंबर को सुबह 11 बजे रंगायन सभागार में कला, साहित्य, संस्कृति पुरातत्व एवं पर्यटन विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ करेंगी। इसको लकर नाबार्ड राजस्थान के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. राजीव सिवाच ने बुधवार को प्रेस वार्ता में बताया कि प्रदर्शनी में राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, असम, गुजरात, केरल समेत 19 राज्यों से आने वाले लगभग 150 दस्तकार हिस्सा लेंगे। 75 स्टॉल्स पर रोजमर्रा की वस्तुएं, कपड़े, हस्तशिल्प और खाद्य पदार्थ व अन्य उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। प्रदर्शनी से कारीगरों, शिल्पकारों व बुनकरों और ग्राहकों के बीच सीधा संबंध विकसित होगा।

वार्ता में नाबार्ड, राजस्थान महाप्रबंधक मंजू खुराना, उप महाप्रबंधक कैलाश पाहवा, आशुतोष सरदाना, अजय कुमार सिन्हा मौजूद रहे। नाबार्ड की प्रदर्शनी में जीआई टैग पवेलियन बनाया जाएगा।

बाल मुकुंदाचार्य ने किए कृष्ण-बलराम मंदिर में दर्शन

## गीता का उपदेश सिर्फ अर्जुन के लिए ही नहीं, हर व्यक्ति के लिए



**बेधड़क | जयपुर**

'हमारे महाग्रंथ भगवद गीता में ज्ञान की गंगा बहती है। स्वयं भगवान कृष्ण ने अपने श्रीमुख से गीता के द्वारा अर्जुन को कर्म से विमुख न होने और संतुलित जीवन जीने का उपदेश दिया। यह उपदेश सिर्फ अर्जुन के लिए ही नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति के लिए है। गीता में ज्ञान का सागर भरा है, बस जरूरत है उसे अपने जीवन में आत्मसात करने की।' यह कहना था बीजेपी विधायक स्वामी बाल मुकुंदाचार्यजी का। वे मंगलवार को हरे कृष्ण मूवमेंट जगतपुरा जयपुर के कृष्ण-बलराम मंदिर में भगवान का आशीर्वाद लेने पहुंचे थे।

गौरतलब है कि हरे कृष्ण मूवमेंट 23 दिसंबर को गीता जयंती महोत्सव का आयोजन कर रहा है। इसके साथ ही गीता कांटेस्ट, बुक मैराथन और हेरिटेज फेस्ट का रजिस्ट्रेशन भी चल रहा है। स्वामी बाल मुकुंद आचार्य ने गीता जयंती की शुभकामनाओं के साथ हरे कृष्ण मूवमेंट के गीता कांटेस्ट के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने गीता जयंती के उपलक्ष्य पर आम जनता से ये आह्वान किया कि वो गीता कांटेस्ट में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी करें। हरे कृष्ण मूवमेंट के उपाध्यक्ष अनंत शेष दास उपस्थित थे। श्रीमद्भागवत गीता के अध्याय 1 से 6 पर आधारित गीता कॉन्टेस्ट का रजिस्ट्रेशन चल रहा है जो कि 28 फरवरी तक चलेगा। परीक्षा प्रतियोगिता 5 मई को आयोजित की जाएगी।

फोटोशूट एक्टिविटी | मॉडल्स ने ट्रेडिशनल लुक में एक्सप्लोर किए अपकमिंग फैशन व स्टाइलिंग ट्रेंड्स

## हैवी जूलरी, डिजाइनर आउटफिट के कॉम्बिनेशन का 'नूर'

**बेधड़क | जयपुर**

चमकते दमकते चेहरे, खूबसूरती से भरपूर मॉडल्स की झलक। मौका था राजधानी जयपुर में बुधवार को चौड़ा रास्ता स्थित अलूदा हाउस में दी वेलवेट बॉक्स वेडिंग एसेंशियल की ओर से आयोजित किए जा रहे ब्राइडल सीजन थीम बेस्ड कंसेप्चुअल फोटोशूट एक्टिविटी 'नूर ए टेल ऑफ ब्राइडल अफेयर' का। इसमें शहर की पांच प्रोफेशनल मॉडल्स ने हैवी रिच क्लास जूलरी और ट्रेडिशनल अटायर में लेटेस्ट ब्राइडल फैशन जूलरी को शोकेस किया।



### कॉन्सेप्ट बेस्ड रहा फोटोशूट

आयोजक निकिता कोठारी और ऋषभ बज ने बताया कि यह एक कॉन्सेप्ट बेस्ड फोटोशूट एक्टिविटी है। इसके द्वारा 2024 में आने वाले जूलरी, मेकअप और फैशन के नए ट्रेंड्स को एक्सपोज किया गया है। शहर की पांच प्रोफेशनल मॉडल्स ने एक्सक्लूसिव जूलरी की रेंज को प्रस्तुत किया है। इस एक्सक्लूसिव जूलरी रेंज के बेसिस पर ब्राइड को मेकअप, जूलरी और फैशन के कई सारे ऑप्शंस प्रोवाइड करवाए जाएंगे। इस शूट के माध्यम से ब्राइड की स्टाइलिंग, फैशन, मेकअप, जूलरी सिलेक्शन इत्यादि के बारे में जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाई जा सके। साथ ही वर्तमान में चल रहे लेटेस्ट ट्रेंड्स और कांसेप्ट से अपडेट रखा जाएगा।

### इन्होंने निखारा मॉडल्स का लुक

फोटोशूट में मॉडल्स का निखरता हुआ मेकअप, फैशन स्टाइलिंग और जूलरी कलेक्शन निकिता कोठारी द्वारा किया गया है। मॉडल्स का फोटोशूट फैशन कर्मा के शुभम सोनी और उनकी टीम द्वारा किया गया। प्रियांशी जैन, नीलम पालीवाल, नीलम तकियानी, अल्पिता गोयल और गुंजन शर्मा ने जूलरी लुक्स को रिप्रेजेंट किया।

हम महानता के सबसे क़रीब तब होते हैं जब हम विनम्रता में महान होते हैं
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## गाजा पट्टी में इजराइल के हवाई हमले



**रफाह (गाजा पट्टी)।** इजराइल ने दक्षिणी गाजा के शहरों पर हवाई हमले किए। इसमें 45 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। इसके साथ ही इजराइली सेना ने गाजा पट्टी के उत्तर में दो अस्पतालों पर छापा मारा और वहां काम करने वाले कर्मचारियों को हिरासत में ले लिया। उधर, हमास के शीर्ष नेता इस्माइल हानियेह गाजा में युद्ध पर बातचीत के लिए मिस्र की राजधानी काहिरा पहुंचे।
**फोटो: पीटीआई**

### अगले हफ्ते से शुरू होगी चयन प्रक्रिया

# इजराइल में श्रमिकों की कमी... अब भारत से ले जाएंगे जाएंगे

**एजेंसी** | यरुशलम

हमास से युद्ध के बीच भारत से हजारों मजदूरों को इजराइल अपने देश ले जाएगा। इसके लिए हफ्ते से चयन प्रक्रिया शुरू होगी। निर्माण उद्योग में श्रमिकों की भारी कमी के मद्देनजर हजारों श्रमिकों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू करने के लिए इजराइल की एक टीम ने पिछले सप्ताह भारत का दौरा किया और एक अन्य प्रतिनिधिमंडल अगले सप्ताह भारत के लिए रवाना होगा। भारत रवाना होने वाले प्रतिनिधिमंडल के साथ निर्माण एवं आवास मंत्रालय के महानिदेशक येहुदा मोर्गनस्टर्न भी होंगे। इजराइल बिल्डर्स एसोसिएशन (आईबीए) के उप महानिदेशक और प्रवक्ता शाय पॉजनर ने बताया कि हम 27 दिसंबर को दिल्ली और चेन्नई में चयन प्रक्रिया शुरू करेंगे। फिलहाल हम सरकार की मंजूरी के अनुसार 10,000 श्रमिक लाने पर विचार कर रहे हैं और निकट भविष्य में यह संख्या 30,000 तक पहुंच जाएगी।



### युद्ध के कारण श्रमिकों की कमी

इजराइल का निर्माण उद्योग उन विशिष्ट क्षेत्रों में श्रमिकों को रोजगार देता है जहां इजराइली श्रमिकों की कमी है। इजराइल को निर्माण परियोजनाओं को जारी रखने के लिए तत्काल श्रमिकों की आवश्यकता है और ठेकेदारों ने जरूरतों को पूरा करने के लिए विदेशों से हजारों कामगारों को लाने के लिए सरकार से अपील की है। निर्माण उद्योग में लगभग 80,000 श्रमिकों का सबसे बड़ा समूह फिलिस्तीनी प्राधिकरण-नियंत्रित वेस्ट बैंक से और अन्य 17,000 गाजा पट्टी से आते हैं, जिनमें से अधिकतर का 'वर्क परमिट' अक्टूबर में इजराइल पर हमास के हमले के बाद रद्द कर दिया गया था। करीब 7,000 श्रमिकों का एक अन्य समूह चीन से और लगभग 6,000 का समूह पूर्वी यूरोप से आया है। युद्ध के कारण देश में श्रमिकों की कमी हो गई है।

### यूएस कैपिटल हिंसा मामले में यूएस कोर्ट ने किया अयोग्य घोषित

# अमेरिकी राष्ट्रपति का चुनाव नहीं लड़ पाएंगे डोनाल्ड ट्रंप



**एजेंसी** | वाशिंगटन

व्हाइट हाउस की रेस के लिए चुनाव अभियान में जुटे अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका लगा है। कोलोराडो प्रांत की प्रमुख अदालत ने यूएस कैपिटल हिंसा मामले में मंगलवार को ट्रंप को राष्ट्रपति पद के लिए अयोग्य करार दिया। अदालत ने रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से व्हाइट हाउस की दौड़ के लिए प्रमुख दावेदार ट्रंप को राष्ट्रपति पद के लिए राज्य के प्राथमिक मतदान से हटा दिया है। इस फैसले से ट्रंप के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव लड़ना मुश्किल हो सकता है।

अमेरिका के इतिहास में पहली बार है कि अदालत द्वारा 14वें संविधान संशोधन की धारा-3 का इस्तेमाल राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को अयोग्य ठहराने के लिए किया गया है। कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट ने 4-3 के बहुमत वाले अपने फैसले में कहा कि अदालत के बहुमत का मानना है कि ट्रंप 14वें संशोधन की धारा-3 के तहत राष्ट्रपति पद संभालने के लिए अयोग्य हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, जिस अदालत ने ट्रंप के खिलाफ फैसला दिया है, उसके सभी न्यायाधीश डेमोक्रेटिक पार्टी के गवर्नरों द्वारा नियुक्त किए गए थे।

### जिला अदालत के न्यायाधीश के निर्णय को पलटा

कोलोराडो प्रांत के सुप्रीम कोर्ट ने जिला अदालत के न्यायाधीश के निर्णय को पलटते हुए यह आदेश दिया। निचली अदालत ने कहा था कि ट्रंप ने 6 जनवरी, 2021 को कैपिटल (अमेरिकी संसद) पर हुए हमले के लिए भीड़ को हिंसा के लिए उकसाया था, लेकिन ट्रंप को राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने से नहीं रोका जा सकता क्योंकि यह स्पष्ट नहीं है कि संविधान की धारा राष्ट्रपति पद को कवर करती है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले पर चार जनवरी तक या अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट का मामले में फैसला आने तक रोक लगा दी। वहीं, इस फैसले के बाद अब अमेरिका की सर्वोच्च अदालत में यह तय करना चुनौतीपूर्ण होगा कि क्या ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से नामांकन की दौड़ में बने रह सकते हैं या नहीं।

### समर्थकों को उकसाने के आरोप

साल 2021 में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप को हार का सामना करना पड़ा था। चुनाव नतीजों के बाद ट्रंप के समर्थकों ने 6 जनवरी, 2021 को यूएस कैपिटल (अमेरिकी संसद) पर धावा बोल दिया था। बड़ी संख्या ट्रंप के समर्थक संसद भवन के ऊपर और अंदर घुस आए थे। इस दौरान ट्रंप के समर्थकों ने हिंसा और तोड़फोड़ की थी, जिसमें पांच लोग मारे गए।

**हेली और विवेक ने जताया विरोध:** राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की दौड़ में शामिल भारतीय-अमेरिकी निकी हेली और विवेक रामास्वामी ने बुधवार को अमेरिका के कोलोराडो राज्य के उच्चतम न्यायालय के उस फैसले पर विरोध जताया।

**'प्राउड बॉयज' के एक पूर्व सदस्य को तीन साल की सजा:** हमले की साजिश में शामिल होने के लिए दक्षिणपंथी चरमपंथी समूह 'प्राउड बॉयज' के एक पूर्व नेता को तीन साल से अधिक की सजा सुनाई गई। चार्ल्स डोनोहो ऐसा दूसरा सदस्य है जिसने कांग्रेस के संयुक्त सत्र को बाधित करने के लिए समूह के अन्य सदस्यों के साथ साजिश रचने का दोष स्वीकार किया।

### उत्तर कोरिया के खिलाफ दिखाई एकजुटता

# 3 देशों की वायु सेनाओं ने किया संयुक्त युद्धाभ्यास

**एजेंसी** | सोल

उत्तर कोरिया के खिलाफ एकजुटता प्रदर्शित करते हुए अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान की वायु सेनाओं ने बुधवार को संयुक्त युद्धाभ्यास किया। कुछ दिन पहले उत्तर कोरिया ने बीते पांच महीने के भीतर पहली बार अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया था।

दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ' ने एक बयान में कहा कि दक्षिण कोरिया के दक्षिणी द्वीप जेजू में इस त्रिपक्षीय अभ्यास का उद्देश्य उत्तर कोरियाई परमाणु खतरों के खिलाफ तीनों देशों की संयुक्त प्रतिक्रिया मजबूत करना था। इस युद्धाभ्यास में अमेरिकी वायु सेना के बी-1बी बम वर्षक विमानों के अलावा दक्षिण कोरिया और जापान की वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने हिस्सा लिया। इस तरह, इस साल कोरियाई प्रायद्वीप के ऊपर 13 वीं बार किसी अमेरिकी बम वर्षक को अस्थायी रूप से तैनात किया गया है । बी-1बी बम वर्षक विमान बड़े पारंपरिक हथियारों को ले जाने में सक्षम है।



### हफ्ते भर 1100 मंदिरों में भव्य समारोह

# 7 समंदर पार अमेरिका में भी जय श्रीराम

**एजेंसी** | वाशिंगटन

अगले महीने 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान सात समंदर पार अमेरिका के मंदिरों में भी एक हफ्ते तक इसी तरह की धूमधाम होगी। अमेरिका में हिंदू मंदिरों का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि अगले साल 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के मौके पर उत्तर अमेरिका के मंदिरों में भी सप्ताह भर चलने वाले उत्सव की तैयारी की जा रही है। हिंदू मंदिर सशक्तीकरण परिषद की तेजल शाह ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य और हमारे लिए आशीर्वाद है कि हम इस घटना का हिस्सा हैं और हमारे सपनों का मंदिर सदियों की प्रतीक्षा और संघर्ष के बाद साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और कनाडा में हर हर कोई भगवान श्री राम को अपने मंदिर में प्राप्त करने का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। सभी भक्ति और श्रद्धा भाव में विभोर हैं।

### अमेरिका में हिंदू मंदिरों का सर्वोच्च निकाय

हिंदू मंदिर सशक्तिकरण परिषद संयुक्त राज्य अमेरिका में 1,100 से अधिक हिंदू मंदिरों का सर्वोच्च निकाय है। उन्होंने कहा कि उत्तरी अमेरिका के छोटे और बड़े मंदिरों में सप्ताह भर चलने वाला उत्सव 15 जनवरी को शुरू होगा और 20 जनवरी की रात को अयोध्या से राम मंदिर के उद्घाटन के लाइव प्रसारण के साथ समाप्त होगा। अमेरिका में हजारों हिंदू इस उद्घाटन समारोह को देखने के लिए शामिल होंगे। अमेरिका में अब तक कई दर्जन मंदिरों ने 15 जनवरी को पुजारियों द्वारा किए जाने वाले श्रीराम नाम संकीर्तन जप में शामिल होने के लिए पंजीयन कराया है। अमेरिका के आधे से अधिक मंदिरों ने 21-22 जनवरी की रात होने वाले मुख्य कार्यक्रमों के लिए साइन अप कर लिया है और हर हफ्ते 100 से अधिक मंदिर इसमें पंजीकरण करा रहे हैं।



### विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे

अमेरिका के लगभग 1100 मंदिरों में 21 जनवरी को दीप जलाकर रोशन करने, शंख बजाने, उद्घाटन का लाइव देखने और प्रसाद वितरण करने की योजना है। प्रत्येक भाग लेने वाले मंदिर को श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से भागीदारी का प्रमाण पत्र और 'प्रसाद' मिलेगा। अटलांटा के प्रसिद्ध कलाकार विनोद कृष्णन द्वारा भजन पाठ किया जाएगा।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl